दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रायपुर, मंगलवार 6 अप्रैल 2021, कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-59 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

माओवादियों ने एक बार फिर दशकों से बारूद की ढेर पर बैठे बस्तर में खूनी खेल खेलकर छत्तीसगढ़ सरकार और केन्द्र सरकार को खुली चुनौती देने का दुःसाहस किया है। 23 जवानों की शहादत के बाद नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए वहीं घिसा पिटा बयान दिया है कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा और इसका बदला लिया जाएगा। पता नहीं कब तक हम अपने शहीद जवानों के शव गिनते रहेंगे? यदि राज्य और केन्द्र सरकार लाल आतंक का सामना करने में असफल सिद्ध हो रही है तो बस्तर को तत्काल सेना के हवाले कर दिया जाना चाहिए।

नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अब और तेज होगी : शाह

- *लड़ाई की गति को तेज करने का आया है सुझाव, इससे साफ है कि हमारे जवानों का हौसला बुलंद*
- *जगदलपुर में सीएम बघेल के साथ शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि*
- *फिर दोनों ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ की बैठक*

बीजापुर/रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को जगदलपुर में बीजापुर एनकाउंटर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मुख्यमंत्री के साथ सुरक्षा बलों के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड पर आ गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद यह लड़ाई कम नहीं होगी बल्कि और तेज होगी। उन्होंने कहा कि मैंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व फोर्स के अधिकारियों के साथ बैठक की। फोर्स के अधिकारियों की ओर से सुझाव आए हैं कि इस लड़ाई की गति कम नहीं होनी चाहिए बल्कि और तेज किया जाना चाहिए। इससे पता चलता है कि हमारे जवानों का हौसला कितना बुलंद है। गृहमंत्री ने कहा कि पिछले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दोनों मोर्चों पर मिलकर लड़ेंगी दोनों सरकारें

शाह ने कहा कि नक्सलियों के खिलाफ दोनों मोर्चों पर केंद्र व छत्तीसगढ़ सरकार लड़ाई लड़ेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस लड़ाई को लॉजिकल इंड तक ले जाने के लिए कहा है। आगे कहा- मैं छत्तीसगढ़ व भारत की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि इस घटना के बाद लड़ाई को और तेज किया जाएगा। शहीदों के परिजनों से यही कहना चाहूंगा कि शहीदों अपने देश के लिए दिए गए सर्वोच्च सम्मान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस लड़ाई को हम अपनी जीत में तब्दील करके रहेंगे। अपने उद्देश्य को हम जरूर सिद्ध करेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को जगदलपुर में केंद्रीय सुरक्षा बलों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में और तेज होगा कैंपों की स्थापना का काम : सीएम बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि नक्सलियों के विरुद्ध सुरक्षा बलों के आपरेशन जारी रहेंगे तथा इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाएंगे। नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में कैम्पों की स्थापना का कार्य तेजी से किया जाएगा। क्षेत्र में विकास के कार्यों में भी तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज जगदलपुर में सुरक्षा बलों के जवानों को श्रद्धांजलि देने तथा इस संबंध में उच्च स्तरीय बैठक में शामिल होने के उपरांत कहा कि मैं शहीद जवानों को नमन करता हूॅं, उनके बलिदान को प्रणाम करता हूॅं। मैं उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूॅं। हमारे जवानों ने बहुत साहस से नक्सलियों का सामना किया है, जिससे नक्सलियों की भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में नये कैम्प स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे नक्सलियों की बौखलाहट दिख रही है। नक्सली सीमित दायरे में सिमट गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि हम नक्सलियों की मांद में घुस चुके हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार क्षेत्र में विकास के कार्यों में तेजी लाते हुए मिलकर कार्य कर रहे हैं। सड़कों के निर्माण के साथ कनेक्टीविटी देने व योजनाओं का लाभ अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैठक में इस संबंध में सार्थक बातचीत हुई है और उन्हें उम्मीद है कि केन्द्र सरकार हमारी मांगों पर उचित कार्यवाही करेगी।

बीजापुर के बासागुड़ा भी पहुंचे गृहमंत्री व सीएम

शाह और बघेल बीजापुर के बासागुड़ा स्थित सीआरपीएफ कैंप भी पहुंचे। जवानों से बातचीत की व स्थिति का जायजा लिया। फिर दोनों ने रायपुर पहुंचकर घायल जवानों का हाल जाना। चित्र रायपुर का।

खास-खास

मोदी कल 'परीक्षा पे चर्चा' करेंगे

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दुनियाभर के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परस्पर बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री ने सोमवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'एक नया प्रारूप, विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर कई दिलचस्प प्रश्न और हमारे बहादुर परीक्षा यौद्धाओं, माता-पिता और शिक्षकों के साथ एक यादगार चर्चा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री परीक्षाओं से पहले छात्रों को हौसला बढाने तथा उनमें विश्वास पैदा करने के लिए परीक्षाओं के बारे में बात करते हैं तथा इस मौके पर विभिन्न तरह के अनुभव भी साझा किये जाते हैं। प्रधानमंत्री वर्ष 2018 से ही इस तरह के संवाद कार्यक्रम के जरिये छात्रों से बात करते रहे हैं। इस बार कोरोना महामारी के चलते यह आयोजन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है।

डीआरडीओ ने विकसित की मिसाइल रोधी प्रौद्योगिकी

नई दिल्ली (वार्ता)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसैनिक जलपोतों को दुश्मन के मिसाइल हमले से बचाने के लिए स्वदेशी उन्नत प्रौद्योगिकी विकसित की है। उन्नत शॉफप्रौद्योगिकी की मदद से राकेट के तीन तरह के संस्करण विकसित किये गये हैं जो छोटी दूरी, मध्यम दूदी तथा लंबी दूरी के होंगे और इन्हें नौसेना की जरूरत के अनुसार विकसित किया गया है। इस उपलब्धि को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और बडा कदम बताया जा रहा है। नौसेना ने हाल ही में राकेट के इन तीनों संस्करण का अरब सागर में परीक्षण किया था और इनके परिणाम संतोषजनक पाये गये थे।

24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,03,558 नये मामले आए सामने

महाराष्ट्र, पजाब और छत्तीसगढ़ में कोरोना से सर्वाधिक मौतें

नई दिल्ली/ (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) 478 मरीजों क मौत हुई है। इनमें महाराष्ट्र, पंजाब तथा छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा लोगों ने जान गंवाई हैं। इस दौरान महाराष्ट्र में जहां 122 मरीजों की मौत हुई है। वहीं पंजाब में 51 तथा छत्तीसगढ़ में 36 लोगों ने जान गंवाई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक सोमवार सुबह तक बीते पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,03,558 नये मामले सामने आए। इसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 25 लाख 89 हजार 067 हो गयी है। वहीं इस दौरान 52,847 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,16, 82,136 मरीज कोरोनामुक्त भी हो चुके हैं। सक्रिय मामले 7,41,830 हो गये हैं। इसी अवधि में 478 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या 1,65,101 हो गयी है।

लगातार घट रही रिकवरी दर

देश में रिकवरी दर आंशिक घटकर 92.80 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 5.89 प्रतिशत हो गया है जबकि मृत्युदर घटकर 1.31 फीसदी रह गयी है।

छत्तीसगढ़ में अब 38450 सक्रिय मामले

छत्तीसगढ़ में 2138 और सक्रिय मामले बढ़कर 38450 पहुंच गये हैं। राज्य में 326277 लोग कोरोना मुक्त हो चुके हैं जबकि 36 और मरीजों की इस महामारी के संक्रमण से मौत होने के साथ मृतकों की संख्या 4319 हो गयी है। कर्नाटक में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 2478 और बढ़कर 39111 हो गये हैं। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 12,625 हो गया है तथा अब तक 963419 मरीज स्वस्थ हुए हैं।

पंजाब में छग से कम सक्रिय मामले 25314

पंजाब में सक्रिय मामलों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और ये अभी भी 25314 हैं तथा संक्रमण से निजात पाने वालों की संख्या 219063 हो गई है जबकि 7083 मरीजों की जान जा चुकी है। तमिलनाडु में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 21958 हो गयी है तथा अभी तक 12778 लोगों की मौत हुई है। राज्य में 865071 मरीज संक्रमण मुक्त हुए हैं। मध्य प्रदेश में 966 सक्रिय मामले बढ़कर 21335 हो गये हैं तथा अब तक 281476 लोग स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 4040 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है।

118 साल की महिला ने लगवाई वैक्सीन

सागर/ए. (वार्ता) मध्यप्रदेश के सागर जिले के खिमलासा स्वास्थ्य केन्द्र में 118 वर्षीय महिला ने वैक्सीन का टीका लगवाया है। देशभर में कोरोना की दूसरी लहर के बीच कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सागर जिले के खिमलासा स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम सदरपुर निवासी 118 साल की तुलसा बाई बंजारा ने कोरोना का टीका कल लगवाया है। आधार कार्ड में उसकी जन्म तारीख 1 जनवरी 1903 दर्ज है। इसके साथ ही उन्होंने कोरोना का टीका लगवाने वाली देश की सबसे बुजुर्ग महिला के रूप में अपना नाम दर्ज करवा लिया है। वैक्सीन लगवाने के बाद बुजुर्ग महिला तुलसा बाई ने बताया कि मैं पूरी तरह स्वस्थ्य हूं। उन्होंने जिले के सभी लोगों से अपील है कि वे भी अपने पास वाले स्वास्थ्य केंद्र में जाकर वैक्सीन लगवाएं।

वसूली के आरोप : देशमुख ने उद्धव को सौंपा इस्तीफा

- **बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपो की जांच सीबीआई से कराने के दिए हैं आदेश**

मुंबई/ए.। मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के पिछले दिनों महाराष्ट्र के गृह मंत्री अनिल देशमुख पर लगाए गए 100 करोड़ रुपये की वसूली के सनसनीखेज आरोप के बाद अनिल देशमुख पर गाज गिर गई है। अनिल देशमुख ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह इस्तीफा एनसीपी प्रमुख शरद पवार के घर पर हुई बैठक के बाद दिया। माना भी जा रहा था कि बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा सोमवार को दिए गए आदेश के बाद अनिल देशमुख से इस्तीफा लिया जा सकता है। हाईकोर्ट ने देशमुख पर लगे आरोपों की जांच सीबीआई से कराने का फैसला दिया है। देशमुख ने सोमवार दोपहर को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अपना इस्तीफा सौंप दिया। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और एनसीपी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाईकोर्ट ने कहा- आरोप गंभीर, निष्पक्ष जांच की जरूरत

उच्च न्यायालय ने कहा कि देशमुख महाराष्ट्र के गृह मंत्री हैं और राज्य की पुलिस उनके अधीन काम करती है, ऐसे में उन पर लगे आरोपों की प्राथमिक और निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच की आवश्यकता है।

शेयर बाजार में भूचाल सवा दो फीसदी से अधिक लुढ़के सूचकांक

मुंबई(वार्ता)। देश में एक दिन में एक लाख से अधिक कोरोना संक्रमित पाए जाने से फिर से कई तरह की पाबंदियां लगाए जाने की आशंका में आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया, जिससे दोनों प्रमुख सूचकांकों में सवा दो फीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में नौ अंकों की मामूली गिरावट लेकर 50020.91अंक पर खुला, लेकिन देखते ही देखते यह करीब 15 सौ अंकों की गिरावट लेकर 48638 .62 अंक पर आ गया।

राफेल सौदे में भ्रष्टाचार पर सफाई दें मोदी : कांग्रेस

- **सुरजेवाला ने फ्रांस की मीडिया रिपोर्ट का दिया हवाला**

नई दिल्ली/ (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि ताजा खुलासे से साफ हो गया है कि 60 हजार करोड़ रुपए के राफेल विमानों की खरीद में बड़े स्तर पर दलाली हुई है और इसमें सरकार ने अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने का काम किया है, इसलिए खुलासे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सफाई देनी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीपसिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फ्रांस के समाचार माध्यम मीडियापार्ट ने दावा किया है कि 2016 में जब भारत-फ्रांस के बीच राफेल लड़ाकू विमान को लेकर समझौता हुआ। इस समझौते के बाद इस खरीद में बिचौलिया का काम करने वाली भारत की एक कंपनी को दलाली के तौर पर 10 लाख यूरो का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा कि राफेल सौदे में दलाली का खुलासा तब हुआ जब फ्रांस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विमान बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट के खातों का ऑडिट किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

असम चुनाव | **असम के दीमा हसाओ जिले की हाफलोंग विधानसभा क्षेत्र के बूथ का वाकया**

बूथ में वोटर सिर्फ 90 और ईवीएम में वोट पड़े 171

हाफलांग (असम)/ए.। असम विधानसभा चुनाव को लेकर एक चौंका देने वाली खबर सामने आई है। असम के एक बूथ में कुल पंजीकृत वोटर की संख्या 90 है, जबकि इस बूथ पर कुल 171 वोट पड़े हैं। यह बूथ असम के दीमा हसाओ जिले की हाफलोंग विधानसभा क्षेत्र का है, जहां 1 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत मतदान हुआ। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने इस बड़ी गड़बड़ी को उजागर किया है। हाफलोंग विधानसभा क्षेत्र में 74 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई है। लेकिन उक्त मामला प्रकाश में आने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ के पांच निर्वाचन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जो 107 (ए) खोटलीर एलपी स्कूल में बनाया गया था। अब इस बूथ पर दोबारा मतदान कराया जाएगा। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुनर्मतदान के आदेश जारी नहीं किए गए हैं।

2 अप्रैल को ही बूथ के पांच पोलिंग अधिकारी निलंबित

बूथ के पांच पोलिंग अधिकारियों के निलंबन के ओदश दिमा हसाओ के उप आयुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी ने 2 अप्रैल को जारी किए, यानी वोटिंग के अगले दिन, लेकिन इसके बारे में सोमवार का जानकारी सामने आई। समाचार एजेंसी पीटीआई की खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि उक्त पोलिंग स्टेशन में सिर्फ 90 नाम हैं, लेकिन 171 ने ईवीएम में वोट डाल दिया।

मुखिया ने लाई अपनी सूची और इसी अनुसार हुआ मतदान

अधिकारियों ने कहा कि इस दूरस्थ गांव के मुखिया ने वोटर लिस्ट को मानने से इनकार कर दिया और अपने द्वारा बनाई वोटर लिस्ट ले आए। इसके बाद लोगों ने इस दूसरी सूची के अनुसर मतदान किया। अधकारियों ने कहा कि यह तुरंत तो पता नहीं चल सका कि चुनाव अधिकारियों ने गांव के मुखिया की मांग को क्यों स्वीकार कर लिया। यह भी पता नहीं चल सका है कि उस पोलिंग स्टेशन पर क्या कोई सुरक्षाकर्मी मौजूद था और उसकी क्या भूमिका रही।

पॉलिथीन का प्रयोग रोकने हमें बदलना होगा व्यवहार : भागवत

हरिद्वार/ (वार्ता)। संघ प्रमुख मोहन भागवत दो दिवसीय दौर पर हरिद्वार में हैं और उन्होंने रविवार को तीन गंगा घाटों के लोकार्पण के बाद दिव्य प्रेम सेवा मिशन में आयोजित पर्यावरण प्रबोधन कार्यक्रम में भाग लिया तथा कहां कि पॉलिथीन के प्रयोग को रोकने के लिए हमें अपने व्यवहार में बदलाव करना होगा। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण समिति हरिद्वार की ओर से इस कार्यक्रम डॉ. भागवत ने कहा कि कोरोना काल में लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हुए हैं। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग को रोकने के लिए हमें अपने व्यवहार में भी बदलाव करना होगा क्योंकि हमने पॉलिथीन को एक बहुत ही अभिन्न अंग के रूप में अपना लिया है और इसके जाल में फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति हजारों साल पुरानी है और पश्चिमी देश भारत के ऋषि मुनियों और हमारी विभिन्न विधाओं पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी विशेषता थी कि शुरू से ही हमारे पास तकनीक थी, जिसके कारण हमारा व्यापार भी आत्मनिर्भर था लेकिन जब से हम ग्लोबलाइजेशन के इस युग में दूसरों की तकनीकपर निर्भर होकर चलने लगे हैं,तब से हमारे यहां पर्यावरण की समस्याएं बढ़ी हैं। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने पर्यावरण समिति की पत्रिका का विमोचन भी किया।

न्यूज गैलरी

निगम द्वारा गली, मोहल्ले के घरों एवं टीकाकरण सेंटरों को किया जा रहा है सैनिटाइज

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने सैनिटाइजिंग का कार्य निरंजर जारी है, निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला सैनेटाइज का कार्य सघन रूप से कर रहे है। कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग भीड़ में जाने से बचे हैं ताकि कोरोना वायरस को फैलने से रोका जा सके। दुर्ग स्वस्थ्य विभाग टीम द्वारा कोरोना पॉजीटीव वाले मरीज के घर के साथ ही वार्डों, भीतरी गलियों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से सेनेटाइज कर संक्रमण की रोकथाम में जुटे हुए है। इसके साथ ही वार्डों में सड़क नालियों की सघन सफाई भी की जा रही है !दुर्ग निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी के निर्देशानुसार कोरोना पॉजीटीव वाले मरीजों व आस.पास घरों में सेनेटाइज किया जा रहा है। स्वस्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी अपने अपने क्षेत्र के वार्डों में सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से घरों, दुकान, इत्यादि के साथ ही घरों के खिड़की, दरवाजे को सेनेटाइज कर रही है। दुर्ग निगम क्षेत्र में संचालित सभी 23 सेंटर जहां लोगों को वैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है उन स्थानों पर सघन रूप से सेनेटाइज कर संक्रमण की रोकथाम करने का प्रयास किया जा रहा है ।

शहीद जवानों को छत्तीसगढ़ सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी संघ ने दी श्रद्धांजलि

भिलाईनगर (नव प्रदेश)। बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद 23 जवानों के शहादत पर दुख व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी संघ के अध्यक्ष आर.पी.शर्मा ने अपनी श्रद्धांजली व्यक्त की है। आर.पी.शर्मा ने कहा कि, संघ शहीदों के परिजनों के साथ है। छत्तीसगढ़ की बीजापुर की ये घटना काफी विचलित करती है। उन्होंने कहा कि, बीजापुर में शहीद नक्सलियों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। शासन प्रशासन नक्सलियों के खात्मा को लेकर ठोस निर्णय ले। 23 लोगों की शहादत पर पुलिस और सुरक्षा बल के सभी लोग काफी गमगीन हैं। बस्तर में कुछ दिनों से घटनाओं पर रोक लगी थी पिछ्ले एक पखवाड़े से नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीदों की रोजाना संख्या बढ़ती जा रही है। छत्त्तीसगढ़ पुलिस अधिकारी संघ सुरक्षाबलों के साथ नक्सलियों की कायरना पूर्वक हरकत की कड़े शब्दों में निन्दा करती है।

आज से दुर्ग जिले में 14 तक अब तक का सबसे सख्त लॉकडाउन

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं एसपी प्रशांत ठाकुर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक चलने वाला लाकडाउन अब तक का सबसे सख्त लाकडाउन होगा। लॉकडाउन के कार्यान्वयन की रणनीति के संबंध में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। इसमें कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने अधिकारियों को विस्तार से निर्देश दिये। बैठक में भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, अपर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सभी निगम आयुक्त, एसडीएम एवं पुलिस अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिले से सटी हुई सीमाओं पर पुलिस एवं राजस्व के दल मानिटरिंग करेंगे।

सार्वजनिक परिवहन को शहर के अंदर प्रवेश नहीं

अन्य राज्यों से अथवा प्रदेश के अन्य जिलों से दुर्ग के अलावा अन्य जिलों हेतु संचालित सार्वजनिक परिवहन को शहर के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं। जिले से प्रदेश के अन्य जिलों अथवा अन्य राज्यों हेतु संचालित लंबी दूरी की सार्वजनिक परिवहन सेवा आनलाइन बुकिंग के आधार पर संचालित होगी। प्रस्थान के केवल पाँच मिनट पूर्व एकमात्र दुर्ग के बस स्टैंड पर उपलब्ध होगी।

सीएमएचओ को देना होगा अन्य राज्य से आने वालों का ब्योरा : अन्य प्रदेश अथवा जिलों से आने वाले यात्रियों का ब्योरा सीएमएचओ कार्यालय में बस संचालक को उपलब्ध कराना होगा। अन्य क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों का कोरोना टेस्ट अनिवार्य होगा। इसके लिए बस स्टैंड में कैंप लगाये जाएंगे, सबके टेस्ट की जवाबदेही बस संचालक की होगी। अत्यावश्यक सेवाओं के परिवहन को अनुमति होगी। केवल वाहन चालक और हेल्पर को ही वाहन में अनुमति होगी। हर दिन शाम को एसडीएम-एसडीओपी फ्लैगमार्च करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय अमले का दल बनाकर लाकडाउन का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

विवाह, अंत्येष्टि में 50 को ही अनुमति : विवाह और अंत्येष्टि में 50 के भीतर लोगों को ही अनुमति मिल सकेगी। सभी परीक्षाओं को अनुमति, परीक्षार्थी के साथ अभिभावक भी जा सकेंगे। ट्रेन से अथवा फ्लाइट से परिवहन के लिए जाने वाले लोगों को टिकट दिखाने पर अनुमति दी जाएगी। मोबाइल रिचार्ज दुकानें बंद रहेंगी।

दूध विक्रेताओं को सुबह शाम सिर्फ 6 से 7 का वक्त : घर जाकर दूध बाँटने वाले विक्रेता सुबह 6 से 7 बजे एवं शाम 6 से 7 बजे जा सकेंगे। औद्योगिक संस्थानों को प्रतिबंध से छूट रहेगी। बैंक एवं पोस्ट आफिस सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक खुले रहेंगे। चार पहिया वाहनों में ड्राइवर सहित अधिकतम तीन एवं दो पहिया वाहनों में केवल दो व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति। वैक्सीनेशन और टेस्टिंग के लिए केंद्र तक जाने की अनुमति होगी। सारी छूटें कंटेटमेंट क्षेत्र में लागू नहीं। आदेश के उल्लंघन होने पर धारा 188 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

जिले की सीमाएं पूरी तरह सील होंगी :

जिले की सीमाएं पूरी तरह सील होंगी। ई-पास के बगैर आने वालों पर पूरी तरह से प्रतिबंध होगा। ई- पास का आवेदन जिले की वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया है। अत्यावश्यक सेवाओं के अतिरिक्त राज्य सरकार के सारे कार्यालय बंद रहेंगे, केंद्र सरकार के कर्मचारी अपना पहचान पत्र दिखाकर अपने कार्यालय पहुँच सकेंगे।

मॉर्निंग वॉक, साइक्लिंग, जिमिंग पूरी तरह बंद :

मार्निंग वाक, साइक्लिंग, जिमिंग पूरी तरह बंद रहेंगे। जरूरतमंदों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किये जा रहे हैं। केवल एनएच के चल रहे निर्माण कार्य एवं अमृत मिशन के कार्य चलेंगे, शेष सभी निर्माण कार्य बंद रहेंगे। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहेंगे। मेडिकल, पेट्रोल पंप, चश्मा दुकान विक्रेता जिनको लाकडाउन में छूट मिली है, उनकी शत-प्रतिशत टेस्टिंग की जाएगी।

लॉकडाउन का कड़ाई से करवाएं पालन : निगमायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन आयुक्त एवं अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली! उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल से लगने वाले लॉक डाउन का कड़ाई से अपने-अपने क्षेत्रों में पालन कराना सुनिश्चित करें! लॉक डाउन का उल्लंघन करने वालों पर दंडात्मक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई करें! लॉकडाउन के दौरान नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में कोविड से संबंधित सभी कार्य यथावत चलते रहेगा, इससे जुड़े हुए सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यों में उपस्थित होकर जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे, निगम की सभी अत्यावश्यक कार्य सुचारू रूप से जारी रहेंगे!

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202103100400498

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री रोहित कुमार वारे आ. रामस्वरूप वारे निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 341/96 रकबा 0.006 हें/ 701 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202101100400335

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री विजय कुमार आ. सीटूराम निवासी सेक्टर-5 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 820/58, 820/61 रकबा 0.024, 0.005 हें/ 3105 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिश चन्द्र सिन्हा पिता/पति भोलाराम सिन्हा निवासी दीवान भेड़ी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. मे.से 1250 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता/पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पटेल पिता/पति आर.पी.पटेल निवासी पेण्डरी घटका कांकेर तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. मे.से 2982.5 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता/पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अहमद रजा चौहान पिता/पति इसराइल चौहान निवासी कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. मे.से 1080 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता/पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति आंकांक्षा पटेल पिता/पति आशीष पटेल निवासी म.नं. 14/1 लोधीराम मेनरोड उसलापुर थानखम्हरिया जिला बेमेतरा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. मे.से 3262.5 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अतहर पिता/पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रभा देशमुख पति संतोष देशमुख निवासी दूधली तह. डौण्डीलोहारा जिला बालोद के द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम बोरई प.ह.नं. 3 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 108/1 रकबा 0.450 हे. हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता अजब लाल पिता/पति फेकूराम के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑनलाइन नं.

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आशीष शर्मा आ. बजरंग शर्मा निवासी शंकर नगर तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामित्व की ग्राम बघेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 182/91 रकबा 0.016 हें/ के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202104100400066

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश कुमार बत्रा आ. जशन लाल बत्रा निवासी पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 272/27 रकबा 0.0080 हें/ 860 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 3.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202103100400504

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक डी. रामसिंह कुमरे आ. जगत लाल कुमरे निवासी से.- 6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 291/4 रकबा 0.02 हें/ 1890 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी-राजस्व

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00022 ग्राम के रिसाली नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी 5106205122020003

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00022 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के भूमिस्वामी जैनेन्द्र कुमार वैद्य पिता/पति अनिल कुमार वैद्य पता क्वा. नं-6/सी सड़क-30 सेक्टर-7 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 274/7/33 (0.0020) में नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 8.04.2021 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.03.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कृष्णा बाई पति स्व. खुशीराम शर्मा निवासी जवाहर नगर दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 60/1 रकबा 0.024 हे. भूमि दर्ज है उक्त भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋणपुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.04.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.04.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप)

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2020-21

क्योंकि मौजा चिखली तह. व जिला दुर्ग के सह भूमि स्वामी श्रीमति पूनम परिहार आ. रविकांत परिहार साकिन बालोद तह. व जिला बालोद ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्यों कि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 23/04/2021 स्थान तह. कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण): खसरा नं. 315/78 रकबा 0.035 हे.

आज दिनांक 22/03/21 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हकप्राप्तकर्ता आवेदक आनंद कुमार व अन्य आ. स्व. बिरझूराम साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 717/3, 718 रकबा 0.0600, 0.340=0.40 हे. भूमि हकत्यागकर्ती अंजनी साहू व अन्य आ. स्व. बिरझू राम साहू से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27/3/21 को हकत्याग किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को हकप्राप्तकर्तागण के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 15.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक वकार हसन कामदार आ. अकबर अली साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम चिखली प.ह.न. 11 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 445 रकबा 0.40 हे. जो उसके स्व. अकबर अली व अन्य के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.04.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिव सिंह आ. बीर सिंहअली साकिन भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 644/1/26 रकबा 1000 वर्गफुट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता माया जैन आ. संजय जैन से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.04.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार जैन आ. एस.सी जैन साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 644/1/26 रकबा 2000 वर्गफुट हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता माया जैन आ. संजय जैन से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.04.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवदत्त साव पिता/पति बालाराम साव निवासी धीरी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.नं. 28 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 145/3 रकबा 0.280 हे. मे.से 1627.06 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता मोहम्मद अजहर पिता/पति मोहम्मद इजहार के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकारण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.03.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100700369

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक सिंह राजपूत पिता सजीवन सिंह राजपूत निवासी ग्राम से.10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 222/60 रकबा 0.011 हे. भूमि को विक्रेता सागी विल्सन पति एन. व्ही. विलसन निवासी ग्राम भिलाई नगर हुडको सेक्टर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16.02.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202103100700313

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ग्रेस विक्टर पति विनिमय जे. विक्टर निवासी ग्राम हां.धो. कालोनी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/28 रकबा 0.013 हे. भूमि को विक्रेता नीलम लेखवानी पिता/पति प्रदीप लेखवानी निवासी ग्राम सिंधी कोलानी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.12.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.04.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुदर्शनलाल देवांगन आ. स्व. नंदूलाल देवांगन साकिन मडौग मिर्षा द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 19/22 रा.नि.मं. रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 215/1 रकबा 0.004 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता मनीष कोठारी आ. भीखमचंद से क्रय किया गया है कि नामान्तरण किए के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.04.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202103100400047

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अंकुर राहूल आ. नीरज कुमार निवासी रांची झारखण्ड द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/32 रकबा 0.0140 हें/ 1575 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202103101000234/202103101000234
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार गौरीशंकर राम / अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरशंकर पिता स्व. गरीब पता सुनेला द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 334/45 रकबा 0.016 हे. जो उसके पत्नी श्रीमति गंगाजली पति गौरीशंकर राम के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी श्रीमति गंगाजली पति गौरीशंकर राम की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक अपने मृत्यु पूर्व आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया था भूमिस्वामी के मृत्यु हो जाने के कारण वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत् अवेदन पत्र मय खसरा बी.1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 22.4.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.03.2021 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरूषोत्तम साहू पिता/पति दुखहरण राम साहू निवासी चिल्फी वार्ड-13 कोरेवास साजा जिला बेमेतरा मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 360/40 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार रिकेश रावते पिता/पति जागेश्वर रावते से दिनांक 16/03/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.04.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.03.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202104100400024

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कमल निषाद आ. करण निषाद निवासी बांसपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहलाई प.ह.न. 6 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 581/16 रकबा 0.0100 हें/ 1125 वर्गफीट आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202103101000226/202103101000226
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार कृष्णा बहादुर सोनी / अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा बहादुर सोनी पिता/पति/विभाग पूरण बहादुर सोनी पता छावनी भिलाई द्वारा अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग- अपील प्रकरण क्रमांक 202012100400192/6/2020-21 पारित आदेश दिनांक 24/02/2021 ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमि ख.नं. 826/1 का टु रकबा 0.012 हे. / 1350 वर्गफीट भूमि को राजस्व रिकार्ड से अनावेदक अयाज सिद्दीकी आ. जलील अहमद सिद्दकी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 22.4.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.03.2021 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

स्व. अनिल गुरबक्षाणि के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

रायपुर। बढ़ते कदम के संस्थापक स्वर्गीय अनिल गुरबक्षाणि के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज बढ़ते कदम देवेन्द्रनगर रायपुर द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर मॉडल ब्लड बैंक रायपुर मेकाहारा के सहयोग से मेकाहारा में किया जा रहा है। शिविर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक है। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर रक्तदान कर मानवता की ओर एक कदम बढ़ा रहे है।

आपदा को अवसर में बदलने के लिए गुटखा कारोबारी बेताब

रायपुर। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार इजाफा होने के चलते आसपास के जिलों में यथा बेमेतरा, दुर्ग, राजनांदगांव में लाकडाउन की सूचनाओं के बीच एक बार फिर गुटखा कारोबारी गुटखा के मूल्यों में वृद्धि कर लिये है। भाटापारा बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र का जिला होने के नाते यहां पर पान मशाला, गुटखा आदि के मूल्यों में पुनः वृद्धि हुई है। गुटखा कारोबारी आपदा का अवसर में बदलने के लिए अचानक गुटखों के मूल्यों में वृद्धि किये है। गुटखे का 1730 रुपये बिकने वाले पैकेट में 370 रुपये बढ़ाकर 21 सौ रुपये वसूली की जा रही है वहीं राजश्री गुटखे का 80 प्रतिशत आबादी के सेवन करने का लाभ उठाते हुए 12 हजार 7 सौ रुपये में बिकने वाला राजश्री का मूल्य 13 हजार 5 सौ रुपये में वसूली जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में बाजार पर लगातार नजर जमाए रखने के बाद भी गुटखा जर्दा मसालों के मूल्यों में वृद्धि से शौकिनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मुंबई-हावड़ा के मध्य 8 अप्रैल से सुपर फास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली 01051 / 01052 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हावड़ा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 08 अप्रैल से एवं हावड़ा से 10 अप्रैल से प्रारंभ होगी। गाड़ी संख्या 01051 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हावड़ा सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 08 अप्रैल से चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी गाड़ी संख्या 01052 हावड़ा-लोकमान्य तिलक टर्मिनल सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन हावड़ा से प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को 10 अप्रैल से आगामी आदेशानुसार तक इस गाड़ी का परिचालन होगा। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआर, 02 जनरल, 01 पेंट्रीकर, 08 स्लीपर, 06 एसी-थ्री, 02 एसी-टू, 01 एसी-एक सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है तथा केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

एलटीटी व पूरी के मध्य साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 11 से

रायपुर। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा लोकमान्य तिलक टर्मिनस और पूरी के मध्य साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन की सुविधा 11 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है। यह ट्रेनें 02145 व 02146 के नंबर के साथ चलेगी। रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक रविवार को 02145 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पूरी साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल 11 अप्रैल से एवं इसी प्रकार विपरीत दिशा में पूरी से प्रत्येक मंगलवार को 01246 पूरी- लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन 13 अप्रैल से आगामी आदेशानुसार तक इस गाड़ी का परिचालन होगा। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआर, 06 एसी-थ्री, 02 एसी-टू, 08 स्लीपर, 01 एसी फास्ट, 01 पेंट्रीकार, 02 पावरकार कोच सहित कुल 22 कोच रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है तथा केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

ताम्रकार बने रायपुर डिस्ट्रिक्ट जिम एसोसिएशन के अध्यक्ष

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर डिस्ट्रिक्ट जिम एसोसिएशन का चुनाव सोमवार 5 अप्रैल को चंगोरा भाठा रायपुर के ओम शांति भवन में संपन्न हुआ। इसमें रायपुर हार्डकोर जीम के संचालक नीलेश पटेल सचिव और ताम्रकार जिम के संचालक माणिक ताम्रकार अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष गेंद लाल सागर वंशी पावर जिम अभनपूर तथा कोषाध्यक्ष डॉक्टर रोहन सोनकर वर्ल्ड जिम चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में पोषण बांधे लवर फिटनेस, आशीष वर्मा एक्स टीम जिम, बुधराम सारंग सतनाम व्यायाम शाला गुड़ियारी, घनस्यम वर्मा फिटनेस जिम चरोदा धरसींवा, होरी लाल पटेल जैतू साव मठ पुरानी बस्ती तथा एफएफसी जिम के रुद्र सिंह चुने गए।

निधन

रमेश चंद जैन

विध्यसागर स्टील एवं बायसाइकल हब टैगोर नगर, रायपुर के संचालक राजेश जैन के पिता एव दीपांसु के दादा रमेश चंद जैन (देना बैंक वाले) उम्र 77 वर्ष का आज प्रातः 10.30 निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रायपुरा शमशान घाट में किया गया है।

एक दिन में दो लाख 11 हजार से ज्यादा को लगा टीका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रविवार को 2171 सेशन साइट में कोविड वैक्सीन की दो लाख 11 हजार 346 डोज दी गई जिनमें से 45वर्ष से अधिक आयु समूह के 2लाख 5 हजार 634 को पहली डोज दी गई। संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्टेट नोडल वैक्सीनेशन डॉ प्रियंका शुक्ला ने बताया कि सोमवार को अवकाश के बावजूद अधिकांश जिलों में इवैक्सीनेशन हुआ। बालोद में 10827, बलौदा बाजार में 17264,बस्तर में 5003, बेमेतरा में 5291, बीजापुर में 15 ,बिलासपुर में 18907 ,दंतेवाडा 2950, धमतरी में

2171 सेशन साइट में हुआ वैक्सीनेशन

कोरबा में 3231, कोरिया में 1782, महासमुंद मे 13540 , मुंगेली में 170 , नारायणपुर में 785 ,रायगढ़ मे 20502 8481 ,दुर्ग जिले में 25858, गरियाबंद में 5537, गोरेला पेंड्रा मरवाही 5144,जशपुर 4712 कबीरधाम में 10 ,कांकेर में 2862, कोंडागांव मे 3083, ,रायपुर जिले में 21304, राजनांदगांव में 18189, सुकमा में 1535, सूरजपुर में 225 ,सरगुजा में 14139 लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई गई।

वैक्सीन के बाद भी सावधानी जरूरी

उल्लेखनीय है कि वैक्सीन लगाने के बाद भी कोविड अनुरूप व्यवहार करना मास्क लगाना,दूरी रखना एवं हाथों की सफाई आवश्यक है जिससे कोरोना के खतरे से बच सके। वैक्सीन की पहली खुराक के 6-8 सप्ताह के बीच दूसरी खुराक लेना होगा। सेकंड डोज लेने के दो सप्ताह के अंदर आम तौर पर शरीर में प्रतिरक्षात्मक तंत्र विकसित होता है। इसके बाद भी मास्क लगाना आवश्यक है।

45 साल से अधिक वाले 21लाख 23 हजार से अधिक को मिला पहला डोज

रायपुर। प्रदेश में वर्तमान में 45वर्ष से अधिक आयु समूह के लोगों को वैक्सीन लगने लगी है। अब तक इस आयु समूह में 21लाख 23 हजार 192 लोगों को पहली डोज लग चुकी है तथा 32 हजार 861 को दूसरी डोज भी लगाई जा चुकी है। लेकिन लोगों के मन में यह भ्रांति है कि वैक्सीन लगने के बाद वे पूरी तरह सुरक्षित है जबकि यूनीसेफ और अन्य विषेशज्ञ भी यह लगातार कह रहे हैं कि वैक्सीन, कोविड 19 संक्रमण होने के बाद की गंभीर स्थिति से बचाता है, संक्रमण से नही बचाता है। यूनीसेफ के स्वास्थ्य विषेश्ज्ञ डॉ श्रीधर ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने का सबसे सही उपाय है कि चाहे किसी को वैक्सीन लगी हो या नही मास्क सही तरीके से लगाएं,साबुन पानी से नियमित हाथ धोए और दूसरों से दो गज की सुरक्षित दूरी रखें। इसके अलावा हल्के लक्षण जैसे सर्दी, खांसी, बुखार, थकान, भूख न लगना आदि पर भी तुरंत कोरोना जांच करानी चाहिए।

आयुर्वेदिक कॉलेज में कोरोना टेस्टिंग के दौरान अव्यवस्था का आलम

टेस्ट कराने पहुंच रहे लोगों को बिना सोशल डिस्टेंसिंग के घंटों लाइन में खड़ा कराया जा रहा

आरटी पीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट भी 2 से 4 दिन बाद तक मिल रही

रायपुर। राजधानी रायपुर में कोरोना से बचाव को लेकर जारी गाईड लाईन का पालन नहीं करने के कारण एक ओर जहां कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे है, वहीं दूसरी ओर कोरोना टेस्ट कराने पहुंच रहे कई अस्पतालों में भी अव्यवस्था का आलम है। शहर के आयुर्वेदिक कॉलेज में कोरोना का टेस्ट कराने प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। लेकिन अस्पताल में ना ही साफ-सफाई का ध्यान रखा जा रहा है और ना ही कोरोना टेस्टिंग के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा रहा है। अस्पताल में जांच कराने पहुंचा एक मरीज अपना नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि वो शनिवार को सुबह 11 बजे कोरोना टेस्ट कराने आयुर्वेदिक अस्पताल पहुंचा था। उस समय अस्पताल में टेस्ट कराने वालों की लंबी कतार बिना सोशल डिस्टेंसिंग के लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि उसका नंबर आते-आते शाम 5 बजे गये। इस दौरान वो घंटो अस्पताल में ही मौजूद रहा। इस दौरान उसने देखा कि अस्पताल में साफ-सफाई का अभाव है। अस्पताल में कोरोना टेस्ट के लिए रैबिड टेस्ट और आरटी पीसीआर दोनों टेस्ट किये जा रहे थे। इस टेस्टिंग से निकलने वाला कचरा अस्पताल परिसर में ही खुले स्थान पर ही फेंका जा रहा है जिससे कोरोना संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि जिस तरह से टेस्टिंग के दौरान अस्पताल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी नहीं कराया जा रहा है।

पद्मश्री स्टील फर्नीचर गोदाम में आग लाखों की क्षति

रायपुर। राजधानी रायपुर के डूमरतराई इलाके में शदाणी दरबार के पास स्थित पद्मश्री स्टील फर्नीचर गोदाम में आज सुबह भीषण आग लग गई, जिससे लाखों का सामान जल गया। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 11.30 बजे इस गोदाम में आग लगी और इससे पहले की दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती उससे पहले ही आग ने भीषण रूप ले लिया। गोदाम में फर्नीचर, आलमारी, कुलर आदि सामान रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि गोदाम में जिस समय आग लग उस समय गोदाम के कर्मचारी भी वहां मौजूद थे। इससे पहले कि आग को वहां के कर्मचारी बूझा पाते आग देखते ही देखते भड़क गई, जिसके चलते कर्मचारी अपनी जान बचाकर गोदाम के बाहर आ गये। समाचार लिखे जाने तक दमकल विभाग के गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है और दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे हुए है।

'होम आइसोलेशन के मरीज चिकित्सक को दें सही जानकारी'

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग ने होम आइसोलषन मे रह रहे मरीजों से अपील की है कि वे संबंधित चिकित्सक को अपने आक्सीजन लेवल, तापमान , पल्स आदि की सही रीडिंग बताएं क्योंकि अनेकों बार यह देखा गया है कि होम आइसोलेशन वाले मरीज जब अस्पताल पहुंचते हैं, तब मालूम होता है कि उन्होंने इसके पूर्व गलत रीडिंग बताई या बताई ही नही,जिसके कारण गंभीर स्थिति हुई। होम आइसोलेशन के मरीजों को या जो उनकी देखभाल करता है उसे थर्मामीटर से तापमान लेना, पल्स ऑक्सीमीटर से आक्सीजन स्तर लेना और पल्स की रीडिंग लेना आना चाहिए जो कि बहुत सरल है,यह पल्स ऑक्सीमीटर के जरिए ली जाती है। उससे दिन में चार बार रीडिंग लेकर मोबाइल के जरिए ही उस चिकित्सक को भेजना है जो उन्हे एलॉट किया गया है। इसके अतिरिक्त मरीजों को 6मिनट चलने के पहले और 6 मिनट बाद भी आक्सीजन स्तर,आक्सीमीटर से रीडिंग लेना चाहिए और इसमें तीन अंकों का अंतर आने पर डाक्टर को बताना चाहिए। आक्सीजन स्तर 95 से कम होने पर भी चिकित्सक को जरूर बताना चाहिए। मरीज 104 पर भी संपर्क कर सकते हैं। यदि सांस फूल रही है तो तुरंत अस्पताल में भर्ती होना चाहिए और इस दौरान सीधे लेटना चाहिए जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन बराबर मिले। होम आइसोलेश के मरीजों को अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बंद नही करना चाहिए क्योंकि उनके संपर्क में आए लोगों की जानकारी विभाग को लेनी होती है ताकि उनके परिजन,मित्र भी समय पर जांच कराएं और संक्रमण से बच सकें।

रायपुर–नवप्रदेश। पण्डित सुन्दर लाल शर्मा वार्ड 42 के अश्वनी नगर सामुदायिक भवन में नि:शुल्क कोरोना वैक्सीन शिविर लगाया गया जिसमें 249 नागरिकों ने वैक्सीन लगवाया है । सामुदायिक भवन में कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे पूरे समय उपस्थित रह कर व्यवस्था देखते रहे और वैक्सीन लगाने आने वाले नागरिकों का स्वागत गुलाब का फूल और फरूटी देकर किया।

कोरोना संक्रमितों की रफ्तार में नियंत्रण नहीं, 5250 नये संक्रमित मिले

कोरोना विस्फोट से रायपुर दुर्ग, बेमेतरा एवं राजनांदगांव जिले सर्वाधिक प्रभावित

उपचार के दौरान 32 की हुई मृत्यु



रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 के द्वितीय चरण में संक्रमितों की रफ्तार में लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार रात 8 बजे की स्थिति में नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडे द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार 5250 नये कोरोना पाजीटिव केश मिले हैं वहीं सर्वाधिक प्रभावित जिलों में रायपुर में 1213, दुर्ग में 995, राजनांदगांव में 425, बेमेतरा में 487 मरीज मिलने से हालात चिंताजनक हो गये है। कोरोना वायरस से उपचार के दौरान कुल 32 मरीजों की मृत्यु हुई है जिनमें 18 कोविड 19 एवं कोमार्बिडिटी के 17 शामिल है। सक्रिय मरीजों की संख्या कुल 38450 है। वहीं 26911 लोगों के कोरोना टेस्ट किये गये है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जहां टीकाकरण अभियान में तेजी आई है वहीं पर जिला कलेक्टरों द्वारा भी सुबह 6 से शाम 6 बजे के मध्य दुकान खुलने और बंद होने के बाद की स्थिति पर नजर रखे हुए है। रविवार रात को रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुछ थाना क्षेत्रों में अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रमण कर लोगों को जहां कोरोना से सतर्क रहने की समझाइश दी वहीं कुछ स्थानों पर खुली दुकानें भी बंद करवाई गई। भ्रमण के दौरान शराब की दुकानें छह बजे के बाद अधिकांश स्थलों पर बंद मिली।

नक्सल हमले पर राजनीतिक रोटियां सेक रही भाजपा : आकाश शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने बीजापुर नक्सल हमले पर पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह समेत भाजपा नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को लेकर उन्हें आड़े हाथों लिया है। शर्मा ने कहा कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के शासनकाल में रानीबोदली, उरपलमेटा, ताड़मेटला, राज नांदगांव एवं झीरम घाटी जैसी दर्दनाक घटनाओं को हम भूले नहीं है। जब प्रदेश ने वीर जवान वीके चौबे उन जैसे बहादुर अधिकारी तथा कांग्रेस के नवरत्न नेताओं को खोया था। हमारे लिए प्रदेश में हुई हर नक्सली हत्या का दर्द बराबर है। हमसे बेहतर अपनों को खोने का दर्द और कौन समझ सकता है। उन्होंने कहा कि आज डॉक्टर रमन सिंह और भाजपा नेता इस दुःखद घटना पर टिप्पणियों से अपनी राजनीतिक रोटी सेक रहे हैं और संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि डॉ रमन सिंह जी आप यह बताएं 15 वर्ष में आपने 4 ब्लॉक के नक्सल क्षेत्रों को पूरे प्रदेश में तब्दील कर दिया। आप के नेतृत्व वाली सरकार में बस्तर का अस्तित्व ही गायब होने लगा था। यह तो भूपेश बघेल जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की विकास नीति से बस्तर को पुनः पुरातत्व की पहचान वापस मिल रही है।

कोरोना टीकाकरण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें: कलेक्टर

विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को क्लस्टर प्रभारी बनाया गया

रायपुर-वार्ता। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ एस. भारतीदासन ने कोरोना टीकाकरण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कोविड 19 टीकाकरण अभियान की जिला स्तर नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती पूनम शर्मा को इस कार्य में गति लाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को कलस्टर प्रभारी का दायित्व सौंपा है तथा उन्हें और सभी 202 शासकीय टीकाकरण केंद्र प्रभारियों को टीकाकरण का दैनिक लक्ष्य प्रतिदिन पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने टीकाकरण केंद्र प्रभारी एवं कलस्टर प्रभारी को उनके केंद्र में फिजिकल डिस्टेंसिंग एवं मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करने को भी कहा है। इसी तरह टीकाकरण कराने आए सभी नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने को कहा है।

ये हुए क्लस्टर प्रभारी नियुक्त

इसके तहत कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्रीमती अरपना चैरापगार, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग श्री तारकेश्वर देवांगन, संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्री भूपेंद्र पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एन.बंजारा, उप संचालक कृषि श्री आर पी कश्यप, उप संचालक उद्यान श्री नारायण सिंह लावत्रे, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा डॉ डी.के नेताम, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री धनंजय चंदेल, जिला प्रबंधक खाद्य आपूर्ति निगम श्री आर.पी शुक्ला, जिला योजना समिति अधिकारी श्रीमती प्राची मिश्रा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री आर.के.गौर, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री डी.एन.वर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एन.के.पांडे, मत्स्य पालन के संयुक्त संचालक श्री देव कुमार सिंह, जिला उद्योग केंद्र के मुख्य महाप्रबंधक श्री बी.के.देवांगन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.दानी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.सी.कक्कर एवं श्री ए के भटनागर, कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क अभिकरण श्री आर.बी सोनी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ आर.के.तनखिवाले, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एस.के.बर्मन को टीकाकरण कार्य के लिए क्लस्टर प्रभारी नियुक्त किया है।

संपादकीय

नक्सली समस्या का समाधान आखिर कब

छत्तीसगढ़ को अविभाजित मध्यप्रदेश से विरासत में मिली नक्सली समस्या का समाधान अब तक नही हो पाया है। नतीजतन आदिवासी बहूल बस्तर में नक्सलियों द्वारा हिंसा की होली खेलना आम बात हो गई है। शनिवार को धुरनक्सल प्रभावित दक्षिण बस्तर में एक बार फिर नक्सलियों ने संयुक्त पुलिस बल को निशाना बनाया जिसमें 23 जवान शहीद हो गए और लगभग 30 जवान घायल हो गए। नक्सलियों और पुलिस के बीच घंटों युद्ध हुआ जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। इस घटना ने एक बार फिर देश का दिल दहला दिया है। घटना के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केन्द्रिय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर पहुंचे और घायल जवानों से भेंट की और उच्च स्तरीय बैठक कर नक्सलियों के खिलाफ आर पार की लड़ाई की योजना पर विचार विमर्श किया। इसके पूर्व भी बस्तर में नक्सलियों ने कई बार पुलिस बल को निशाना बनाया था और झीरम घाटी में तो कांग्रेस नेताओं के काफिले पर भी हमला किया था जिसमें छत्तीसगढ़ अनेक बड़े कांग्रेसी नेता शहीद हो गए थे, जाहिर है कि नक्सलियों को किसी सरकार का कोई खौफ नहीं है। यही वजह है कि वे जब तब हिंसा की होली खेल कर सरकार को खुली चुनौती देने का दुःसाहस करते रहते है। अब बहुत हो चुका नक्सलियों के खिलाफ अब आर पार की लड़ाई निहायत जरूरी है। आखिर कब तक हम अपने जवानों की लाशें गिनते रहेंगे। हर ऐसी घटना के बाद राजनेताओं का यही एक बयान सामने आता है कि जवानों की खून व्यर्थ नहीं जाएगा और नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा किन्तु नक्सली हमले की घटना के बाद सरकार की ओर से जो कार्यवाही की जाती है वह अपर्याप्त होती है। हमले के बाद नक्सली गायब हो जाते है, कुछ समय तक सर्च अभियान चलाया जाता है और फिर समय बीतने के साथ ही हमले की घटना को भुला दिया जाता है, बहरहाल अब तक जो हुआ सो हुआ अब ऐसा नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ सरकार और केन्द्र सरकार को मिलकर नक्सलवाद की समस्या को खत्म करने के लिए वृहद कार्य योजना बनानी चाहिए। यदि जरूरत पड़े तो बस्तर को सेना के हवाले करने में भी संकोच नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही खुफिया तंत्र को भी मजबूती देनी होगी। पुलिस की हर गतिविधि की जानकारी नक्सलियों को हो जाती है लेकिन नक्सलियों के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल पाती जो हमारे खुफियातंत्र की विफलता को दर्शाती है। हैरत की बात है कि इस बार के हमले में नक्सलियों ने राकेट लांचर का भी इस्तेमाल किया है। उनके पास ऐसे आधुनिक हथियार आखिर कैसे पहुंचे इसकी भी सुक्ष्म जांच होनी चाहिए। इस घटना से राज्य सरकार और केन्द्र सरकार को सबक लेने की जरूरत है और नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक पहल करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में फिर कभी इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पाए।

विचार

गलत मौके पर सही कार्रवाई ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

चुनावों के दौरान सत्तारुढ़ और विपक्षी दलों के बीच भयंकर कटुता का माहौल तो अक्सर हो ही जाता है लेकिन इधर पिछले कुछ वर्षों में हमारी राजनीति का स्तर काफी नीचे गिरता नजर आ रहा है। केंद्र सरकार के आयकर-विभाग ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर छापे मार दिए हैं और उनमें से कुछ को गिरफ्तार भी कर लिया है। तृणमूल के ये नेतागण शारदा घोटाले में पहले ही कुख्यात हो चुके थे। इन पर मुकदमे भी चल रहे हैं और इन्हें पार्टी-निकाला भी दे दिया गया था लेकिन चुनावों के दौरान इनको लेकर खबरें उछलवाने का उद्देश्य क्या है ? क्या यह नहीं कि अपने विरोधियों को जैस-तैसे भी बदनाम करवाकर चुनाव में हरवाना है ? यह पैंतरा सिर्फ बंगाल में ही नहीं मारा जा रहा है, कई अन्य प्रदेशों में भी इसे आजमाया गया है। अपने विरोधियों को तंग और बदनाम करने के लिए सीबीआई और आयकर विभाग को डटा दिया जाता है। इसके कई उदाहरण हमारे सामने हैं। बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे की पत्नी रुचिरा बेनर्जी और उनके दूसरे कुछ रिश्तेदारों से एक कोयला-घोटाले के बारे में पूछताछ चल रही है और चिट-फंड के मामले में दो अन्य मंत्रियों के नाम बार-बार प्रचारित किए जा रहे हैं। इन लोगों ने यदि गैर-कानूनी काम किए हैं और भ्रष्टाचार किया है तो इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरुर की जानी चाहिए लेकिन चुनाव के दौरान की गई सही कार्रवाई के पीछे भी दुराशय ही दिखाई पड़ता है। इस दुराशय को पुष्ट करने के लिए विपक्षी दल अन्य कई उदाहरण भी पेश करते हैं। जैसे जब 2018 में आंध्र में चुनाव हो रहे थे, तब टीडीपी के सांसद वाय.एस. चौधरी के यहां छापे मारे गए। अगले चुनाव में चौधरी भाजपा में आ गए। कर्नाटक के प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता शिवकुमार के यहां भी 2017 में दर्जनों छापे मारे गए। उन दिनों वे अहमद पटेल को राज्यसभा चुनाव में जिताने के लिए गुजराती विधायकों की मेहमाननवाजी कर रहे थे। पिछले दिनों जब राजस्थान की कांग्रेस संकटग्रस्त हो गई थीं, केंद्र सरकार ने कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलौत के भाई और मित्रों पर छापे मार दिए थे। लगभग यही रंग-ढंग हम केरल के कम्युनिस्ट और कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ इन चुनावों में देख रहे हैं। कई तमिल नेता और उनके रिश्तेदारों को सरकारी एजेंसिया तंग कर रही हैं। द्रमुक पार्टी ने भाजपा पर खुलकर आरोप भी लगाया है कि वह अपने गठबंधन को मदद करने के लिए यह सब हथकंडे अपना रही है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान मप्र के कांग्रेसी मुख्यमंत्री कमलनाथ के रिश्तेदारों को भी इसी तरह तंग किया गया था।

कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति से प्रचंड होते नक्सली

आशीष वशिष्ट

> सरकार और प्रशासन द्वारा नक्सलवाद पर दोतरफा प्रहार किया जा रहा है। सुरक्षाबलों के द्वारा नक्सलियों की धर-पकड़ और एनकाउंटर तो किया ही जी रहा, साथ ही इन भटके हुए लोगों को फिर से मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सली समस्या से निपटने के लिये सरकार समय-समय पर काम करती रही है। हालांकि, इन इलाकों में किसी परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करना हमेशा ही एक चुनौती रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, सेलफोन कनेक्टिविटी, पुल, स्कूल जैसे विकास कार्यों पर काम किया जाता रहा है। नक्सल प्रभावित इलाकों में अब तक हजारों की तादाद में मोबाईल टॉवर लगाए जा चुके हैं जबकि कई हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण भी हो चुका है। सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिये प्रशिक्षित करने के लिए जून, 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सली हमले में 23 जवानों के शहीद होने की खबर ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस घटना के बाद देश वीर जवानों की शहादत के शोक में डूबा है। वहीं यह प्रश्न भी आम जनमानस के मनोमस्तिष्क में उमड़-घुमड़ रहा है कि इस समस्या को हमारी सरकारें जड़ से मिटाने में अब तक पूरी तरह सफल क्यों नहीं रहीं हैं? पिछले चार वर्षों की बात करें तो इस दौरान हुए नक्सली हमलों में सैकड़ों मौतें हुई। वास्तव में नक्सलवाद' सिर्फ देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं है बल्कि राजनीतिक और आर्थिक समस्या के साथ-साथ एक विकट सामाजिक समस्या भी है। इसके साथ ही एक भटके हुए आंदोलन का भी सबसे बड़ा उदाहरण है 'नक्सलवाद'। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिमी उत्तर-प्रदेश, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र आदि राज्यों के कई हिस्से अभी भी 'नक्सलवाद' की चपेट में हैं। 25 मई, 1967 को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी में हुए भूमि विवाद में जमींदारों और किसानों के बीच हुए संघर्ष से 'नक्सलवाद' का जन्म हुआ।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि बदलते समय के साथ इसके स्वरूप में भी बदलाव आया है और अपने नए अवतार में नक्सलवाद एक राजनीतिक समस्या बन गया है। ऐसे में प्रश्न है कि क्या नक्सलवाद की वजहों पर काम करने के बजाय सियासी दलों ने इसे शह दिया है? प्रश्न यह भी है कि सरकार ने इससे निपटने के लिये क्या-क्या पहलें की हैं? अगर सरकार की पहलें सही दिशा में नहीं हैं तो, इस समस्या का सही हल क्या है? प्रश्न यह भी है कि क्या तकनीकों से लैस हमारे सुरक्षा बल इस समस्या से निपटने में सक्षम नहीं हैं? या फिर हमारी सरकारों में राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी है? नक्सलियों ने इन इलाकों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रखा है। 'नक्सलवाद' देश के विकास के रास्ते में भी सबसे बड़ी बाधा बन चुका है।

बीजापुर की घटना से राजनीतिक दल कोई पाठ सीखें ना सीखें, छत्तीसगढ़ की सरकार कुछ करें या न करें मगर ये सवाल

एक बार फिर उठ खड़ा हुआ है कि क्या राजनीतिज्ञों में नक्सली समस्या को हल करने की इच्छा शक्ति है? ऐसी कौन सी वजहें हैं कि यह समस्या दशक दर दशक हल होने की बजाय और विकट होती जाती है? नक्सल समस्या का हल नहीं निकलने के पीछे दो वजहें दिखती हैं। एक तो ये कि राजनीतिक दलों में इस बता पर सहमति ही नहीं है कि ये समस्या सामाजिक आर्थिक समस्या है या कानून व्यवस्था की। इस सवाल पर पार्टियों के बीच भी विवाद है और पार्टियों के भीतर भी। जरूरी है कि इस पर एक न्यूनतम सहमति बने। ऐसा होने से कम से कम आदिवासियों को राहत मिलेगी जो हर हाल में कट रहे हैं। दूसरा सवाल इसके अर्थशास्त्र का है। नक्सल प्रभावित हर जिले को केंद्र और राज्य सरकार इतना पैसा देती है कि अगर उसे पूरी तरह खर्च किया जाए तो जिलों की तस्वीर बदल जाए। लेकिन आश्चर्य है कि इतने पैसों के बावजूद नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की बहुसंख्य आबादी बिना बिजली और शौचालय के रहती है। अस्पताल जाने के लिए मीलों चलती है और दवाओं के लिए नक्सलियों पर अभी भी निर्भर करती है। कहां क्या खर्च हो रहा है, इसका कोई हिसाब नहीं। क्योंकि जहां पैसे कथित तौर पर खर्च हो रहे हैं वहां तो पुलिस भी नहीं जा पाती। जाहिर है कि ये पैसा नेता-अफसर और ठेकेदारों की तिकड़ी बांट कर खा रही है। इस अर्थशास्त्र का तोड़ निकले और जवाबदेही तय हो तो शायद कोई रास्ता निकले। पैसा सही जगह खर्च हो। और वो विकास हो जिसके अभाव में नक्सलवाद को तेजी से पनपने का मौका मिल रहा है।

नक्सली समस्या को लेकर ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले के बरक्स कमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक, 2008 में 223 जिले नक्सल प्रभावित थे लेकिन, तत्कालीन सरकार के प्रयासों से इनमें कमी आई और 2019 में आई रिपोर्ट के अनुसार, 44 जिलों को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया गया है। केरल में ऐसे तीन, ओडिशा में दो और छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा आंध्र प्रदेश में एक-एक जिले हैं, जहां पहली बार नक्सलियों की हलचल दिखी है। लिहाजा, नक्सल प्रभावित कुल जिलों की संख्या अब 90 हो गई है। ये सभी जिले देश के 11 राज्यों में फैले हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और बिहार सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित राज्यों में शामिल हैं। साल 2016 से 2019 के दौरान नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा की वारदातों में 2013-15 के मुकाबले 15.8 फीसद और इनमें होने वाली मौतों की संख्या में 16.6 फीसद की कमी आई है।

दरअसल, अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में महत्त्वपूर्ण रूप से बदलाव किया है। एक तरफ जहां इस समस्या की वजह आर्थिक और सामाजिक विषमता समझी जाती रही है, वहीं दूसरी ओर इसे अब एक राजनीतिक समस्या भी समझा जाने लगा है। वर्ष 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नक्सल समस्या पर राजनीतिक बयानबाजी इसी का एक पहलू है। यही कारण है कि जानकारों की नजरों में नक्सलवाद सियासी दलों का एक 'चुनावी तवा' है जिस पर मौका मिलते ही रोटी सेंकने की कोशिश की जाती है। ऐसा इसलिये भी कहा जाता है क्योंकि, हमारी सरकारें लगातार संविधान की पांचवीं अनुसूची को तरजीह देने से कतराती रही हैं। गौरतलब है कि इस अनुसूची में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से जुड़े मामले आते हैं। चिंता का विषय है कि आजादी के 70 सालों बाद भी अब तक अनुसूचित क्षेत्रों को प्रशासित करने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

कोरोना की दूसरी लहर और दूसरा शिक्षण सत्र

प्रेम शर्मा

> हिमाचल प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर से बढ़ रहे मरीजों को देखते हुए राज्य के स्कूल और अन्य सभी शैक्षणिक संस्थान 15 अप्रैल तक बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। पहले स्कूलों को चार अप्रैल तक बंद रखा था, लेकिन सरकार ने कोरोना के मामले बढ़ने से अब स्कूल, कॉलेज और अन्य सभी शिक्षण संस्थान बंद करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब से लगने वाले हिमाचल प्रदेश के उना, कांगड़ा और सोलन में इन दिनों कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कर्नाटक के बंगलूरू शहरी जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों के ध्यान में रखते हुए कक्षा 6 से 9 तक के सभी कक्षाएं अगले आदेश तक बंद कर दी गई। महाराष्ट्र सहित सात राज्यों में संक्रमण में जबरदस्त वृद्धि हुई है और सरकारों को सख्ती बरतनी पड़ी है।

भारत में कोरोना वायरस महामारी को एक साल से अधिक समय हो चुका है। 22 मार्च 2020 को भारत में कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन लगा था। जिसके कारण हिन्दुस्तान के अधिकाधिक शिक्षण संस्थानों में आनलाइन पढ़ाई का दौर चला। 2020-21 के शिक्षण सत्र में नाममात्र के दिनों की ऑफलाइन पढ़ाई और दहशत के बीच अभी पिछले सत्र के काफी कक्षाओं की परीक्षा सम्पन्न नही हो पाई है कि कोरोना ने एक बार फिर खतरनाक रूप दिखाना शुरू कर दिया है। भारत में कोरोना वायरस की दूसरी लहर आ चुकी है और कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।पिछले छह महिने बाद एक दिन में 90 हजार केस एक दिन में आने से कोरोना के खौफनाक मंजर का आभास होने लगा है। एक दिन में सात सौ लोगों की मौत और एक अप्रैल 2021 से तेजी से बढ़ते संक्रमितो की संख्या ने एक बार फिर 2021-22 के शिक्षण सत्र को पिछले शिक्षण सत्र की तरह अव्यवस्थित रहने का आभास करा दिया है। नया एकेडमिक कैलेंडर आम तौर पर सभी शैक्षणिक मंडलों में जून से शुरू हो जाता है। अमूनन सत्र नियमानुसार 1 जुलाई से 15 मार्च तक रहता है। परीक्षाओं के बाद 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक कक्षा 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स के लिए एक माह के लिए स्कूल लगते हैं। तदुपरांत 1 मई से 15 जून तक शिक्षक और विद्यार्थियों के लिए अवकाश की व्यवस्था रहती आई है। लेकिन एक बार फिर ऐसा लग रहा है कि कोरोना वायरस डिजीज संक्रमण (कोविड-19) के कारण एजुकेशनल कैलेंडर गड़बड़ा गया है। देश-दुनिया के सब्र की परीक्षा ले रहे कोरोना के कारण स्टूडेंट्स के इम्तिहान आगे पीछे हो रहे है। स्कूल एवं बोर्ड स्तरीय कई कक्षाओं की परीक्षाएं अब तक लंबित हैं जबकि ग्रीष्मावकाश कोरोना लॉकडाउन की भेंट चढ़ चुका है। संभावनाओं पर यदि विचार किया जाये तो फिलहाल आगामी 2 से 3 महीनों तक शिक्षा जगत को रफ्तार मिलती नहीं दिखती। यदि जुलाई के बाद सितंबर से स्कूलों में सुचारू पढ़ाई के निर्देश जारी भी किये जाते हैं तो स्टूडेंट्स की संख्या के मान से कक्षाओं के लिये कमरों और स्कूल बसों के संचालन जैसे कई मुद्दों से स्कूल और जिला प्रशासन को जूझना पड़ सकता है। अप्रैल के शुरू होते हुए स्कूल गुलजार हो जाते थे। इस बार सन्नाटा पसरा है। कई राज्य सरकारो ने

अपने यहाँ प्राथमिक शिक्षण संस्थानों से लेकर विश्वविद्यालय तक बंद कर रखे है। अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फरवरी महीने से शिक्षण संस्थानों को खोलना शुरू किया था, लेकिन अब फिर से बंद करना पड़ गया है। दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों को निर्देश जारी किया है कि वे अगले आदेश तक नए सत्र में किसी भी कक्षा के छात्रों को न बुलाएं। शिक्षा निदेशालय ने नोटिस जारी कर कहा कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के लिए पढ़ाई ऑनलाइन कराई जाए। आदेश के मुताबिक, शैक्षणिक सत्र 2020-21 के 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्र ही स्कूल आ सकेंगे। ये विद्यार्थी अपने अभिभावकों की मंजूरी लेकर परीक्षाओं, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट संबंधी कार्यों के लिए स्कूल आ सकेंगे। मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश में कहा गया है कि विभाग की समीक्षा बैठक 4 दिसंबर 2020 में लिए गये फैसले अनुसार पहली से 8वीं तक के स्कूल 31 मार्च 2021 तक बंद रखे गए थे। रोजाना लगातार बढ़ते संक्रमित मामलों को देखते हुए इसे 15 अप्रैल 2021 तक बढ़ा दिया गया है। हालांकि, 9वीं से 12वीं तक की कक्षा 1 अप्रैल से शुरू हो गई है। ऑफलाइन क्लास के लिए अभिभावकों की अनुमति लेनी होगी। उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुए 8वीं क्लास तक स्कूलों को चार अप्रैल तक बंद रखने के आदेश दिए हैं। राज्य में 31 मार्च तक स्कूल बंद रखने के आदेश पहले से थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक में कोविड-19 संक्रमण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि चूंकि राज्य में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं इसलिए कक्षा आठ तक के सभी सरकारी तथा निजी स्कूलों को बंद रखने की अवधि 31 मार्च से बढ़ाकर चार अप्रैल कर दी जाए। पंजाब में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार ने बढ़ते कोरोना मामलों को देखते हुए 10 अप्रैल तक स्कूल और कॉलेज बंद रखने का फैसला किया है। राज्य में 31 मार्च तक स्कूल बंद रखने के आदेश पहले से थे, जिन्हें 10 दिन और आगे बढ़ाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि राज्य में मई के मध्य तक, नए मामलों में कमी आ सकती है। सरकार ने कोरोना जांच और टीकाकरण को बढ़ाने का आदेश दिया है। पंजाब इस समय कोरोना वायरस की सबसे तेज दूसरी लहर वाले टॉप 6 राज्यों की सूची में शामिल है। पंजाब सरकार ने 19 मार्च को सिनेमाघरों, मॉलों एवं सामाजिक कार्यक्रमों में लोगों के जमावड़े पर पाबंदी के साथ साथ शैक्षणिक संस्थानों को इस माह के आखिर तक बंद रखने का आदेश दिया था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चुरा लो बेहिसाब

चुरा लो बेहिसाब खुशियों के पल जिंदगी से?? क्योंकि यही खुशनुमा पल ही तो अहसास कराते हैं हमें कि हम इन्हीं पलों के लिए वर्षों से प्रतीक्षारत थे भूल जाते हैं हम अपने सभी दुख दर्द इन पलों में पर यदि किसी कारणवश न उठा पाए लुत्फ इन लम्हों का तो तमाम उम्र यही पछतावा हमें जीवन भर चैन से जीने नहीं देता चलो खोजें खुशियों के बेहिसाब पल जिंदगी से। - दीपा गुप्ता

चलो अच्छा हुआ

चलो अच्छा हुआ कुछ तो बदला है। युग बदले हम भी बदले ,बदले ये जग सारा । कदम दहलीज़ से निकला तो बदली भाग्य की रेखा, अब न घूँघट में झुलसेगा कोई भी चाँद सा चेहरा, नई सोच ,नई उड़ान ,नई होगी अपनी पहचान, इबारत भी होगी नई ,लिखूंगी मैं जिंदगी की एक गान

-डॉ दुलारी चंद्राकर

खास पाती

जरा सा जिंदगी तू भी

जरा सा जिंदगी तू भी बेईमान हो जाना। प्यार की तलाश में तू नादान हो जाना।। मोहब्बत की आरजू में एक उम्र गुजारी हैं। मिल जाये जो हमदम तू आसान हो जाना।। फलसफा जिंदगी का कोई समझता नही। तुम्हे आये जो समझ तो इंसान हो जाना।। जब अश्क आंखों से मेरी बहुत हैं बरसते। तू जो समझे मुझे तो हंसी का जाम हो जाना।। उम्मीद टूटने लगी हैं अब गिरते फूलों सी। बनकर आस का मेरी तू पैगाम हो जाना।। खोजते बीती हैं जिंदगी कुछ अपनो को। वही रिश्ते बनकर तू मेरे नाम हो जाना।। मेरे जीवन की खुशी तू कहा छिपी हैं। अब तो खातिर मेरे तू सरेआम हो जाना। - आकांक्षा द्विवेदी

दिलमें जो दफ़्न है वो जज़्बात

दिलमें जो दफ़्न है वो जज़्बात क्या कहें, तुम खुद ही समझ जाओ हर बात क्या कहें!! दर्द,चुभन,हिज्र ,ख़लिश,और ये रुसवाई, क्या-क्या मिली हैं इश्क़ में सौगात क्या कहें!! देखें जी भर तुझे तो शायद सुकूँ मिले, तेरे बिना गुज़रें हैं दिन-रात क्या कहें!! 'ग़म तो उठे है घनघोर घटाओं' की तरह, पर होती नहीं है अब बरसात क्या कहें!! हर राह में जिसकी हम साथ चले थे 'कमल', छोड़ा है उसी ने मेरा हाथ क्या कहें! - रूबी झा 'कमल'

सियासी लोग बांटते हैं हमें कभी

सियासी लोग बांटते हैं हमें, कभी सम्प्रदाय के नाम पर, कभी जाति के नाम पर । बंटते हैं हम खुशी खुशी, होश खोकर जोश में, हो जाते हैं प्यासे अपनों के ही खून के और हल्ला मचा बदल देते हैं स्वयं को उन्ही सियासतदानों के वोटबैंक के रूप में ताकि कर सकें वे राज हम पर, फिर फिर हमें बांटने के लिए। - अर्पित अनाम

तेरे दिल के शोर में खो गई

तेरे दिल के शोर में खो गई मेरी बेजुबान मोहब्बतें, वो जो तेरा ऊँचा रसूख था ऊँची थी तेरी सोहबतें, तू बुलंदियों में न सुन सका बेजार फरियादें मेरी, तेरे दर पे सब बेजा गए सजदे हों या कि इबादतें!

- कुलदीप मिश्रा

दोस्तों। ज़िंदगी कोई चमचमाती

दोस्तों। ज़िंदगी कोई चमचमाती हुई 8 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के समान नही है ! इसमे कभी ऊबड़ - खाबड़ रास्ते ,तो कभी दुर्गम मार्ग भी आते हैं ! कभी बलखाती हुई पगडंडियाँ से भी गुजरना होता है ! यही जिंदगी के रास्ते हैं जिससे होकर गुजरना है।

- राज चुन्नी शर्मा

सुनो ना पुरूष हूं मैं थोड़ा सा

सुनो ना पुरूष हूं मैं थोड़ा सा बदनाम हूं अश्क छूपा लूं तो निर्मोही बह गये तो कमजोर हूं मैं मैं वो पौधा हूं निखरता हूं मैं जब कोई सींचता है प्रेम से मुझे ..... बिखरता हूं जब ईर्ष्या की आंधी से मेरे आत्मविश्वास के पत्ते टूटते है ...छांव देता हूं मैं जब थक जाते हो मेरी जिम्मेदारी का बोझ उठाते उठाते।

- पथिक मनीष

शब्दों की चाशनी में भावनाओ

शब्दों की चाशनी में भावनाओ को डुबोकर! अपने एहसासों को मोतियों सम पिरोकर। रोज धीमी आंच में सेकती हूं सारी यादे। तब जाके बनती है तुम्हारी यादों की कविता।

- अनुराधा सिंह

QUIZ TIME

1) किस साधु ने 'धर्म' को यह श्राप दिया था कि वे विधुर के रूप में पुनर्जन्म लेंगे?

2) हिंदू मान्यता के अनुसार विष्णु का दसवां एवं अंतिम अवतार कौन है?

3) ईसा पूर्व 218 से 210 के बीच रोमनों ने किस अफ्रीकी राष्ट्र के विरूद्व द्वितीय प्यूनिक युद्व लड़ा था?

4) चींटी खाने वाले किस अफ्रीकी स्तनधारी के नाम का अफ्रीकी भाषा में अर्थ होता है, 'जमीनी सूअर'?

5) मर्लिन ब्रांडों ने 1978 की किस फिल्म में काम करने के लिए 3 मिलियन डॉलर लिए थे, जिसके साथ वे फिल्म उद्योग में सर्वाधिक धनराशि प्राप्त करने वाले अभिनेता बन गए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) माण्डव्य (2) कल्कि (3) कार्थेज (4) आर्डवर्क (5) सुपरमैन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1672- फ्रांस ने नीदरलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1841 : राष्ट्रपति जॉन टायलर को शपथ दिलाई गयी। 1859 : अमेरिका ने सुधार के लिए मेक्सिको युद्ध में लिबरल सरकार को मान्यता दी। 1889 : जॉर्ज ईस्टमैन ने पहली बार के लिए कोडक फिल्म को बेचने का काम शुरू किया। 1896 : पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों की यूनान के एथेंस में शुरूआत हुई। 1909 : अमेरिकी नागरिक राबर्ट पियेरी और मैथ्यू हैंसन ने पहली बार उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने का दावा किया। 1917 : प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध की घोषणा की। 1917 : संयुक्त राज्य अमेरिका ने जर्मनी से युद्ध की घोषणा की। 1919- गांधी जी ने रॉलेट एक्ट कानून के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन के तहत पहली अखिल भारतीय हड़ताल का आह्वान किया। 1930 : महात्मा गांधी ने अपनी स्वतंत्र भारत की माँग पर ज़ोर देने के लिए सविनय अवज्ञा आन्दोलन आन्दोलन छेड़ा 1942- जापानी विमानों ने पहली बार भारत में हमला किया। 1943 : वादी अकाटिट का युद्ध ट्यूनीशिया में शुरू हुआ। 1955- अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया । 1956- पूर्व क्रिकेटर दिलीप वेंगसरकर का महाराष्ट्र में जन्म। 1957- सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1959 : 31 वीं अकादमी पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। 1966 : भारतीय तैराक मिहिर सेन ने पाक जलडमरूमध्य तैर कर पार किया। 1985 : पाब्लो पिकासो के समकालीन विश्वविख्यात कलाकार मार्क शागल का पेरिस में देहांत।

दिशा पाटनी ने शेयर की बोल्ड फोटो

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटो शेयर की है। दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस का मनोरंजन करती रहती हैं। दिशा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। इन फोटोज में दिशा अलग-अलग पोज देती नजर आईं। उनके इस अंदाज को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। दिशा की इन तस्वीरों को लाखों लाइक्स मिल चुके हैं। दिशा ने तस्वीर शेयर करते हुए एक कैप्शन भी दिया है। कैप्शन में उन्होंने लिखा 'मूड'। दिशा इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। इसमें से एक सलमान खान के साथ 'राधे : योर मोस्ट वॉन्टेड' भी शामिल है।

डॉन 3 जरूर बनेगी, कहानी पर काम जारी : रितेश सिद्धवानी

मुबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार रितेश सिद्धवानी का कहना है कि डॉन 3 की कहानी पर काम चल रहा है और फिल्म जरूर बनाायी जायेगी। रितेश सिद्धवानी ने फरहान अख्तर के साथ मिलकर शाहरुख को लेकर फिल्म डॉन बनायी थी। बाद में फिल्म डॉन का सीक्वल बनाया गया। काफी लंबे समय से डॉन 3 बनाने की चर्चा हो रही है। रितेश सिद्धवानी ने बताया है कि उनका बैनर फिल्म की कहानी पर काम कर रहा है।

रितेश सिद्धवानी ने बताया, ÷फिल्म डॉन 3 जरूर बनेगी, लेकिन कब मैं यह नहीं बता सकता हूं। हम चाहते हैं कि डॉन 3 पहले की दोनों फिल्मों की तरह ही शानदार बने। इन दिनों हम इसकी कहानी पर काम कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह जल्द ही बनेगी।

तापसी पन्नू ने शुरू की शाबाश मिट्ठू की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी आने वाली फिल्म शाबाश मिट्ठू की शूटिंग शुरू कर दी है। तापसी ने फिल्म शाबाश मिट्ठू की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म भारतीय महिला क्रिकेट टीम खिलाड़ी मिताली राज की बायोपिक है। तापसी इस फिल्म में मिताली राज की भूमिका में नजर आयेगी। तापसी ने शूट के पहले दिन पर अपने लुक की तस्वीर सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करके इस बात की जानकारी दी है। इस कैंडिड फोटो में तापसी हाथ में बैट पकड़े और हेल्मेट लगाए नजर आ रही हैं। तापसी ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, चलिए चलते हैं.. डे 1 शाबाश मिट्ठू। तापसी पन्नू फिल्म में अपने किरदार के लिये कड़ी मेहनत कर रही हैं।



यश कुमार ने शुरू की दो फिल्मों की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के एक्शन स्टार यश कुमार ने उत्तर प्रदेश में दो फिल्मों की शूटिंग शुरू कर दी है। यश कुमार ने 'घरवाली बाहरवाली 2' और ' कहानी' की शूटिंग उत्तर प्रदेश में शुरू कर दी है। दोनों फिल्मों के निर्माता-निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव फ़िल्म को लेकर बेहद संजीदा हैं। उनका दावा है कि दोनों फिल्में अलग जॉनर की होगी और दोनों एक से बढ़कर एक होने वाली है। चाहे बात स्टोरी, म्यूजिक की हो, स्क्रीनप्ले या मेकिंग की हो, इसका निर्माण वृहद पैमाने पर शुरू हो चुका है।

यश कुमार 'घरवाली बाहरवाली 2' और ' कहानी' को अपने लिए खास बताया और कहा, फ़िल्म की कहानी मेरे दिल को छू गयी है। मैं खुशनसीब हूं कि भोजपुरी मैं मुझे ऐसी फिल्में करने का मौका मिल रहा है, जो मनोरंजन के साथ भोजपुरी सिनेमा की सार्थकता को भी कायम रखता है। मेरी फिल्में हमेशा भोजपुरी सिनेमा का एक अलग एंगल दिखाती है। तभी हर वर्ग के लोगों को मेरी फिल्में पसन्द आती हैं। ये नई फिल्म भी लोगों को पसंद आये, यही कामना मेरी है।

शेयर बाजार में भूचाल

मुंबई (वार्ता)। देश में एक दिन में एक लाख से अधिक कोरोना संक्रमित पाए जाने से फिर से कई तरह की पाबंदियां लगाए जाने की आशंका में आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया, जिससे दोनों प्रमुख सूचकांकों में सवा दो फ़ीसदी से अधिक की गिरावट देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में नौ अंकों की मामूली गिरावट लेकर 50020.91अंक पर खुला, लेकिन देखते ही देखते यह करीब 15 सौ अंकों की गिरावट लेकर 48638 .62 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स 50028.67 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू होने से यह 48638.62 अंक तक लुढ़क गया। अभी सेंसेक्स 2.37 प्रतिशत अर्थात 1188.05 अंक टूट कर 4884 1.78 अंक पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 30 अंकों की गिरावट लेकर 14837.70 अंक पर खुला। खुलते ही यह 14849.85 अंक के उच्चतम स्तर तक गया लेकिन इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में 14479.30 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अभी यह 323.10 अंक अर्थात 2.17 फ़ीसदी टूट कर 14544. 25 पर कारोबार कर रहा है। कोरोना के तेजी से बढ़ते मामलों की टेंशन में शेयर बाजार बीमार पड़ गया है। आज बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। बता दें कल देश में सामने एक लाख से ज्यादा कोरोना के नए मामले आए थे। वहीं, 11:10 बजे सेंसेक्स 1305.96 अंक टूटकर 48,723.87 के स्तर पर था तो वहीं 379.00 अंक लुढ़ककर 14,488.35 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। गिरावट का यह दौर मुद्रा बाजार में दिख रहा है। मवार को रुपया 31 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 73.43 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला।

वर्ल्ड लिवर डे 2021 : मृत व्यक्ति के लिवर को दान करने वाले डोनर्स और उनके परिवारों को सलाम

रायपुर। पिछले कुछ सालों में रायपुर में लिवर के पुराने रोगों में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। कोविड19 महामारी ने इस समस्या को और बढ़ा दिया है, क्योंकि इलाज करवाने के लिये जाने में बाधा आई है और हेल्थ चेकअप करवाने वाले लोगों की संख्या में भारी कमी आई है। लॉकडाउन के दौरान अस्वास्थ्यकर भोजन और पेय लेने की आदत बढ़ने के साथ चिंता और भी बढ़ी है।

एक अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, भारत के अस्पतालों में जाने वाले लगभग 1.2 प्रतिशत लोगों को लिवर का पुराना रोग है। सिरोसिस के रोगियों में परेशानियों की शुरूआत होने पर उनकी औसत जीवन प्रत्याशा 1 से 3 साल तक घट जाती है और यह उनके लिवर और परेशानियों की स्थिति पर निर्भर करता है। लिवर के पुराने रोग (सीएलडी) में जान बचाने के लिये लिवर ट्रांसप्लांट करवाना पड़ता है और भारत में उससे होने वाली मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। मौत की दर उच्च होने के दो प्रमुख कारण हैं- ट्रांसप्लांट के लिये उपलब्ध अंगों की कमी और आर्थिक बाधाएं।

रायपुर और पूरे देश में अंगदान की स्वीकार्यता बढ़ रही है, लेकिन यह लिवर ट्रांसप्लांट्स की बढ़ती मांग को पूरी करने के लिये पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा, महामारी ने समस्या को बढ़ा दिया है, क्योंकि इसके कारण देश में अंगदान घटा है।

फोर्टिस हॉस्पिटल, मुंबई में लिवर ट्रांसप्लांट और एचपीबी सर्जरी के कंसल्टेन्ट डॉ. स्वप्निल शर्मा ने कहा, ''जब भी हम लिवर के रोग की बात करते हैं, हम रोग के विभिन्न प्रभावों वाले रोगियों की बात करते हैं, और खासकर उनकी, जिनका लिवर ट्रांसप्लांट या तो हो गया है या होना है। हालांकि डोनर्स के बारे में ज्यादा बात नहीं होती है, चाहे वे जीवित हों या मृत। यह कोविड19 महामारी के संदर्भ में ज्यादा वास्तविक है, जिसमें अंगदान सबसे कम हुआ था। इसलिये असली हीरोज, यानि लिवर डोनर्स का सम्मान करना महत्वपूर्ण है, जो हर साल हजारों जिंदगियां बचाने और समृद्ध बनाने में हमारी मदद करते हैं।''

डॉक्टरों और मेडिकल सोशल वर्कर्स का वह समय कठिन होता है, जब वे रोगी के सम्बंधियों को बताते हैं कि आईसीयू में उनका प्रियजन ब्रेन डेड है, साथ ही उन्हें समझाना कि ऑर्गन फेलियर के रोगियों को उसके स्वस्थ अंग दान किये जाने चाहिये। मृत व्यक्ति का लिवर लेने वाले की स्थिति की कल्पना की जा सकती है, जो यह सुनने का इंतजार करता है कि मृत व्यक्ति का लिवर उससे मेल खा रहा है और उसे दिया जाएगा। यह केवल एक अंग की पेशकश नहीं, बल्कि नई जिंदगी का मौका भी होता है।

रिजर्व बैंक कर रहा मौद्रिक नीति पर मंथन, 7 अप्रैल को होगी जारी

मुंबई। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अगुवाई वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सोमवार को अगली मौद्रिक समीक्षा पर चर्चा शुरू कर दी। कोविड-19 संक्रमण के मामलों में अचानक आई तेजी के बीच भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक का परिणाम सात अप्रैल को सामने आएगा। सरकार ने केंद्रीय बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के दायरे में रखने का लक्ष्य दिया है। इन घटनाक्रमों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रख सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एमपीसी द्वारा अपने नरम नीतिगत रुख को जारी रखे जाने की उम्मीद है। इस समय रेपो दर चार प्रतिशत तथा रिवर्स रेपो दर 3.35 प्रतिशत पर है। सरकार ने पिछले महीने ही रिजर्व बैंक को अगले और पांच साल के लिए, यानी मार्च, 2026 तक खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत की घटबढ़ के दायरे के साथ चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है। यानी मुद्रास्फीति कम से कम दो प्रतिशत और अधिकतम छह प्रतिशत तक जा सकती है, लेकिन सामान्य तौर पर इसे चार प्रतिशत के आसपास रखने को कहा गया है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स (बीडब्ल्यूआर) के मुख्य आर्थिक सलाहकार एम गोविंदा राव ने कहा कि कारोनो वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने तथा इसके प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए ताजा अंकुशों के मद्देनजर रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा में नरम मौद्रिक रुख को जारी रख सकता है।

भव्य समारोह में राजस्थान रॉयल्स की जर्सी लॉन्च

जयपुर (वार्ता)। आईपीएल 2021 में अपने घरेलू मैदान पर खेलने और प्रशंसकों के उत्साह और समर्थन से वंचित रहने वाले राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों में तब उत्साह भर गया, जब रेड बुल इंडिया के सहयोग के साथ शनिवार को यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक शानदार कार्यक्रम के दौरान टीम की इस सत्र की नई जर्सी लॉन्च की गई।

सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार की रात राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ियों के साथ-साथ उसके देश व दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए यादगार रही। शानदार 3डी प्रोजेक्शन और भव्य लाइट शो ने सभी का दिल गदगद कर दिया। इस दौरान एक ऑडियो-विजुअल प्रदर्शनी का स्टेडियम से दुनिया भर के प्रशंसकों और मुंबई में बायो-बबल में रह रहे राजस्थान रॉयल्स टीम के खिलाड़ियों के बीच लाइव प्रसारण किया गया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम में समारोह की शुरुआत पिच से लेकर सभी स्टैंड्स पर अद्भुत और आकर्षक रोशनी के फैल जाने से हुई। इसके बाद लाइव शो के लिए विशेष रूप से सेट अप स्क्रीन पर रोशनी बिखेरी गई, जिसमें रेड बुल वाहनों और कार्यक्रमों के हाई-स्पीड एक्शन शॉट्स के साथ स्टेडियम, शहर और राजस्थान के परिदृश्य का एक वीडियो दिखाया गया।

अलीपुर ने जीता दिल्ली राज्य कबड्डी संघ का खिताब

नई दिल्ली (वार्ता)। अलीपुर जिला उत्तर ने द्वारका, जिला दक्षिणी पश्चिम को 34 के मुकाबले 47 अंकों से हराकर दिल्ली राज्य कबड्डी संघ चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि तीसरे स्थान पर रोहिणी, जिला उत्तरी पश्चिम एव पश्चिम विहार, जिला पश्चिमी रहे।महिला वर्ग में द्वारका जिला दक्षिणी पश्चिम ने अलीपुर, जिला उत्तर को 19 अंकों के मुकाबले 40 अंकों से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर दिलशाद गार्डन, जिला शाहदरा एवं महरौली, जिला दक्षिण रहे। दिल्ली राज्य कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष निरंजन सिंह के अनुसार तीन और चार अप्रैल को हुई इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में अलीपुर टीम के विजय मलिक तथा द्वारका टीम के मिंकू ने अपनी टीम के लिए सराहनीय प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में द्वारका टीम की कुमारी तनु , अलीपुर टीम की कुमारी निकिता तथा शाहदरा टीम की कुमारी निशा ने अपनी टीम के लिए सराहनीय प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में जयप्रकाश , मेयर, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, आतिफरशीद, वाइस चेयरमैन अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार, श्रीमती अल्का गुर्जर, राष्ट्रीय सचिव, भाजपा, चौधरी वीर सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर, चौधरी वीरम सिंह, ओखला विधानसभा, श्रीमती कमलेश, अर्जुन अवार्डी राकेश कुमार, अर्जुन अवार्डी मंजीत छिल्लर एवं एशिया गोल्ड मेडलिस्ट पूजा शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

एयरटेल ने अपोलो 24/7 के साथ भागीदारी की

एयरटेल ने अपने ग्राहकों को उनके घरों की सुरक्षा में डिजिटल तरीके से हेल्थकेयर सेवाओं तक पहुंचने में समर्थ बनाने के लिये अपोलो 24/7 के साथ भागीदारी की

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख संचार समाधान प्रदाता भारती एयरटेल (एयरटेल) ने भारत में सबसे तेजी से बढ़ रहे हेल्थ एप्प अपोलो 24/7 के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी के अंतर्गत एयरटेल के एक्सक्लूसिव थैंक्स बेनेफिट्स के तहत उसके ग्राहकों को ई-हेल्थकेयर सर्विसेज की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश की जाएगी। एयरटेल प्लेटिनम और गोल्ड ग्राहकों को मिलेगी अपोलो सर्किल की निः शुल्क सदस्यता - जो अपनी तरह का एक कार्यक्रम जो डिजिटल तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को सरल बनाता है।

ऑनलाइन परामर्शः सर्वश्रेष्ठ मूल्यों पर अपोलो के शीर्ष डॉक्टरों और विशेषज्ञों के साथ वर्चुअल परामर्श

जांचः घर से सैम्पल देने की सुविधा के साथ जांच की ऑनलाइन बुकिंग

फार्मेसीः कैशबैक के आकर्षक लाभों के साथ दवाओं की होम डिलीवरी

स्वास्थ्यः स्वास्थ्य के लिये भागीदारी और कंटेन्ट के साथ 'यूआर लाइफ' प्लेटफॉर्म तक खास पहुंच

इन खास फायदों को योग्य ग्राहक एयरटेल थैंक्स एप्प के माध्यम से अनलॉक कर सकते हैं। एयरटेल प्लेटिनम कस्टमर को अपोलो सर्कल पर 12 महीने की सदस्यता मिलेगी, जबकि एयरटेल गोल्ड कस्टमर बिना किसी शुल्क के 3 महीने की सदस्यता ले सकेंगे।

एयरटेल के ग्राहक अपने सम्मान स्वरूप अपोलो सर्कल की सदस्यता कैसे ले सकते हैं

1.एयरटेल थैंक्स के यूजर्स (गोल्ड और प्लेटिनम) एप्प के ''डिस्कवर थैंक्स'' सेक्शन पर जा सकते हैं।

2.अपोलो सर्कल बेनेफिट पर क्लिक करें।

3.स्टार्ट फ्री ट्रायल को चुनें।

4.रजिस्ट्रेशन के लिये जरूरी जानकारी दें जिस से कन्फर्मेशन पेज खुलेगा।

5.यूजर को अपोलो 24/7 एप पर रिडायरेक्ट किया जाता है, जहां वह अपने सब्सक्रिप्शन की इस्तेमाल शुरू कर सकता है।

अपोलो 2477 के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर एंटोनी जैकब ने कहा, ''एयरटेल के साथ मिलकर हम ज्यादा स्वस्थ भारत के अपने लक्ष्य को मजबूती देना चाहते हैं। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण ग्राहक अनुभव के संदर्भ में एयरटेल और हम एक समान हैं।

टूर्नामेंट | मेजबान टीम दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली

फखर जमान दोहरे शतक से चूके, पाकिस्तान हारा

जोहानसबर्ग (वार्ता)। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान 193 रन की अद्भुत पारी खेलने के बाद रविवार को रन आउट हो गए और उनकी टीम को दक्षिण अफ्रीका के हाथों दूसरे वनडे मुकाबले में 17 रन से हार का सामना करना पड़ा और मेजबान टीम दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 341रन का मजबूत स्कोर बनाया जबकि पाकिस्तान की टीम बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 324 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए उसके सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने 155 गेंदों पर 18 चौकों और 10 छक्कों की मदद से 193 रन की जबरदस्त पारी खेली लेकिन उनके अंतिम ओवर की पहली गेंद पर रन आउट होने के बाद पाकिस्तान की मैच और सीरीज जीतने की उम्मीदें भी टूट गयीं। जमान को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फखर जमान एक छोर पर अंत तक जमे रहे , हालांकि वह दूसरे छोर पर विकेट गंवाते रहे और उनके आखिरी ओवर में पहली गेंद पर एडन मारक्रम के थ्रो पर रन आउट होने के साथ पाकिस्तान की उम्मीदें टूट गयी। जमान टीम के नौवें बल्लेबाज के रूप में 312 के स्कोर पर आउट हुए। पाकिस्तान की टीम फिर 324 तक ही पहुंच सकी।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए उसके शीर्ष क्रम के सभी बल्लेबाजों ने रन बटोरे। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से ओपनर क्विंटन डी कॉक ने 8।, मारक्रम ने 39, कप्तान तेम्बा बावुमा ने 92, रैसी वान डेर डुसेन ने 60 और डेविड मिलर ने नाबाद 50 रन बनाये।

सोना चमका, चांदी टूटी

मुंबई (वार्ता)। अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं में रही गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर बीते सप्ताह घरेलू वायदा बाजार में सोने की कीमतों में उछाल देखा गया जबकि चांदी की चमक घट गई। सप्ताहांत पर एमसीएक्स सोना वायदा 580 रुपय बढ़कर 45,167 रुपय प्रति दस ग्राम पर रहा तथा चांदी 812 रुपय गिरकर 64,009 रुपय प्रति किलो हो गई। वही सोना मिनी 421 रुपये की साप्ताहिक बढ़ोतरी के साथ 44,963 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया तथा चांदी मीनी 768 रुपय कमजोर हो कर 64,247 रुपय प्रति किलो बोली गई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सप्ताह के दौरान सोना हाजिर 10 डॉलर कमजोर हुआ और 1714 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। अमेरिकी सोना वायदा भी 12 डॉलर लुढ़क कर 1712 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बीसीसीआई की एंटी करप्शन यूनिट के प्रमुख बने शब्बीर

नई दिल्ली (वार्ता)। गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रह चुके शब्बीर हुसैन शेखदाम खंडवाला को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एंटी करप्शन यूनिट का प्रमुख बनाया गया है।

1973 बैच के आईपीएस अधिकारी खंडवाला ने सोमवार को अजीत सिंह से यह पदभार संभाला, जिनका कार्यकाल गत 31 मार्च को समाप्त हो गया था। वर्ष 2010 के अंत में गुजरात के डीजीपी के रूप में सेवानिवृत्त होने के बाद 70 वर्षीय खंडवाला ने एस्सार समूह के साथ सलाहकार के रूप में काम किया और केंद्र सरकार की लोकपाल खोज समिति का भी हिस्सा रहे। खंडवाला ने नियुक्ति के बाद कहा, ÷ यह बड़े सम्मान की बात है कि मैं बीसीसीआई का हिस्सा बना हूं जो दुनिया में सबसे अच्छी चलने वाली क्रिकेट संस्था है। सुरक्षा मामलों पर मेरी विशेषज्ञता के अलावा, इस खेल के प्रति मेरा प्यार ही मुझे इस भूमिका को निभाने में मदद करेगा। मैं अपने पूर्ववर्ती को भी अच्छा काम करने और भारतीय क्रिकेट की छवि को साफ रखने के लिए बधाई देना चाहता हूं। आधिकारिक रूप से नियुक्ति से पहले उन्होंने गत 28 मार्च को पुणे में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में भी भाग लिया था।

शहर का भगतसिंह वार्ड बना कंटेनमेंट जोन
एक ही परिवार में निकले 5 करोना पॉजिटिव

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। शहर के भगतसिंह वार्ड में कंटेंनमेंट जोन बनाया गया है बताया जाता है की शहर में कोरोना संक्रमितो की संख्या एकाएक बढ़ने के बाद इस वार्ड में एक ही परिवार के पांच सदस्य पीड़ित बताये जाते है। फ़िलहाल कंटेंटमेंट जोन बनने के बाद उस इलाके को सील कर वहा की दुकानों को बंद कर लीगों को आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है।

नगर में एक ही दिन में अच्छे खासे करोना मरीजो के मिलने से प्रशासनिक हल्कों में खलबली मच गई है। जिले में कल मिले 147 संक्रमितो में से 39 लोगो के भाटापारा ब्लाक के होने की खबर ने स्थानीय अधिकारीयो की नींद उड़ा दी। इस बीच महाराष्ट्र की यात्रा में गए लोगो की रिपोर्ट भी आना अभी बाकि है उसके बाद इतने सारे कोरोना मरीजो की तादाद अब प्रसाशनिक हल्कों में तरह तरह के विचार पैदा कर रही है।इस बीच सोमवार दोपहर प्रशासन ने शहर के भगतसिंह वार्ड को ब्लॉक का पहला कंटेनमेंट जोन बना दिया हैं।

कोविड टेस्ट को लेकर अभी भी लोग थोड़ा हील-हवाला कर रहे है।इस दिशा में भी प्रसाशन को कड़ाई बरतने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

इसलिए सवाल

कंटेनमेंट जोन का सवाल इसलिए उठा, क्योंकि बड़ी आबादी पर संक्रमण का अंदेशा है। इसके अलावा संक्रमितों का कारोबार, ज्यादा संपर्क वाला है। ऐसे में खतरा और अधिक क्षेत्र में अपने पैर पसार सकता है। इस कारण यह फैसला प्रशासन ने लेकर कंटेनमेंट जोन बनाया जो बिलकुल सही निर्णय रहा।

इंतजार शेष की रिपोर्ट का

इस बीच प्रशाशन को बाहर प्रदेश की यात्रा से वापस आये लोगो की रिपोर्ट का भी इंतजार है क्योंकि जो लोग यात्रा में गए थे उनमे से कल 12 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

हैं कई मंदिर और संस्थान

संक्रमित मरीजों के क्षेत्र में कई व्यापारिक संस्थानें भी है। यहां हर रोज बड़ी संख्या में आवाजाही बनी हुई है। ताजा प्रतिकूल परिस्थितियों में इन जगहों में सामान्य गतिविधियां के संचालन पर संशय के बादल मंडराते नजर आने लगे हैं।

> भाटापारा ब्लॉक में पहला कंटेनमेंट जोन शहरी क्षेत्र में भगत सिंह वार्ड को बनाया जा रहा हैं। जहां संक्रमितों की संख्या ज्यादा मिलेगी, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जाएगा।
>
> **इंदिरा देवहारी,** एसडीएम, भाटापारा

निजी चिकित्सालयों में कोविड मरीजों की भर्ती पर चर्चा

सीएमएचओ डॉ मंडल ने ली बैठक

कवर्धा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शैलेन्द्र कुमार मंडल ने कोविड नियंत्रण के लिए अपनी जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ केशव ध्रुव के साथ अपनी टीम व निजी चिकित्सकों की अलग-अलग बैठकें लेकर आज कोरोना नियंत्रण के लिए रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने निजी चिकित्सालय के संचालकों से कोविड मरीजों के लिए बेड आरक्षित करने व कोरोना प्रकरण बढ़ने की स्थिति में निजी चिकित्सालयों में कोरोना मरीजों का उपचार करने के लिए आवश्यक तैयारी रखने सम्बन्धी विषयों पर विस्तार से चर्चाएं की। आज की बैठक में कवर्धा के लगभग समस्त निजी चिकोत्सलयों के संचालक उपस्थित रहे। बैठक में डॉ मंडल ने यह भी स्पष्ट किया कि निजी चिकित्सालयों में कोरोना मरीजों के उपचार की अनुमति लेकर, मरीज की सम्पूर्ण जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल के स्टाफ को आवश्यक सभी ट्रेनिंग समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाएगी।

होम आइसोलेशन वाले मरीजों तक जल्द दवा पहुंचे : मंडल

आज सीएमएचओ डॉ मंडल ने जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ केशव ध्रुव, जिला होम आइसोलेशन इंचार्ज डॉ सुदेश तिवारी, डीपीएम नीलू धृतलहरे व डीपीएमयु की टीम की बैठक लेकर होम आइसोलेशन व कोविड केयर सम्बन्धी दिशानिर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कोविड पोसिटिव व्यक्ति यदि होम आइसोलेशन पर है तो जल्द से जल्द से जल्द दवा पहुचाए जाने, इसके लिए प्रॉपर टीम बनाने व कोविड केयर सेंटर की सुव्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करके टीम में जोश भरकर काम के लिए रुपरेखा तय की। उन्होंने टीम के प्रॉपर कोऑर्डिनेशन, प्लाइनिंग्स व जानकारियों के त्वरित आदान-प्रदान करके स्थितियों को नियंत्रित रखने पर जोर दिया।

केके नायक ने दी स्कूली बच्चों को साइकिल

भाटापारा। सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत सिमगा ब्लाक के ग्राम केसदा में शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्राओ को स्कूल समिति के अध्यक्ष और सिमगा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ के के नायक ने छात्राओ को सायकल का वितरण किया। स्कूली छात्राएं सायकल पा कर बहुत प्रसन्न हुई।

इस अवसर पर डॉ के के नायक से सभी बालिकाओ को आशीर्वाद देते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है उनकी मंशा है की छत्तीसगढ़ के बच्चे लगातार उचाईयों में पहुँच कर प्रदेश का नाम रोशन करे। डॉ नायक ने कहा की सायकल मिलने से अब आप सभी बच्चों को स्कूल और कोचिंग क्लास आने जाने में सुविधा होगी उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान किया की बोर्ड के होने वाले इम्तिहान में वे लोग अपने माता पिता,संस्था,गांव जिले का नाम प्रदेश में रोशन कर सके।इसके पूर्व डॉ के के नायक ने बीजापुर में हुए शहीद हुए जवानो श्रद्धासुमन देते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल माओवादियों के खिलाफ अब और सख्त कदम उठाएंगे इस अवसर पर ग्राम केसदा के सरपंच किरण धुव,उपसरपंच श्याम कश्यप स्कूल के प्राचार्य सी आर वर्मा स्कूल के शिक्षक और छात्राओ के पालक ग्रामीणजन उपस्थित थे।

भाजयुमो ने जय स्तंभ में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

भाटापारा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यदु (गोलू) शहर अध्यक्ष आशीष टोडरके नेतृत्व में भारत माता चौक में बीजापुर में नक्सली हमले में शहीद जवानों को भाटापारा मंडल कार्यकर्ताओ ने जयस्तंभ में पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजली दी। इस दौरान जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने कहा कि अपने प्राणों की आहुति दे कर के इस देश को सुरक्षित रखने वाले वीर शहीदों के प्रति इस प्रदेश के मुखिया गंभीर नहीं हैं। छत्तीसगढ़ को हिला देने वाली यह घटना निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के इतिहास में काला दिवस के रूप में जाना जाएगा पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नक्सलियों ने यह सूचना 10 दिसंबर को ही दे दी थी कि 20 साल बाद अब पीपुल्स लिबरेशन गोरिल्ला आर्मी की स्थापना दिवस पर,पीएलजीए सप्ताह नहीं, बल्कि वर्ष मनाएंगे। यानी सबसे ज्यादा हमले,ज्यादा तबाही की सूचना नक्सलियों ने पहले ही जारी कर दिया था। बावजूद इसके इस प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री ने,प्रदेश सरकार ने इन विषयों को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया तथा इस संबंध में कोई भी आवश्यक पहल नहीं किया। जिसका खामियाजा इस घटना के माध्यम से जवानों को अपनी जान की कीमत देकर चुकानी पड़ी। जिला मंत्री महाबल दास बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद नक्सली गतिविधियों पर रोक के लिए कोई ठोस कदम छत्तीसगढ़ की सरकार ने नहीं उठाया।नक्सलियों के पास से राकेश लॉन्चर, एके-47 जैसे आधुनिक हथियार मिलना छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी को भी दर्शाता ह हर तरफ अवस्थाओं का आलम है एक तरफ जवानों के शव छत्तीसगढ़ में पड़े हैं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के गुवाहाटी में डिनर करने वाले चित्र शोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।रोड सेफ्टी के नाम पर प्रदेश में हजारों लाखों लोगों का जमावड़ा सुनिश्चित कर जन सेफ्टी की कोई चिंता नहीं की गई।जिसके बाद कोरोना अपने चरम पर है और इस प्रदेश के मुख्यमंत्री असम के चुनाव प्रचार में व्यस्त तथा प्रदेश से लापता हैं।

भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सुनील यदु ने कहा कि एक तरफ प्रदेश में कोरोना की स्थिति बद से बदतर हो रही है दुर्ग जिला में श्मशान घाट की स्थिति यह है कि वहां पर शव जलाने के लिए जगह कम पड़ रहे हैं और प्रदेश के मुखिया का इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। इन सब परिस्थितियों को दरकिनार कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ की जनता से पर्याप्त दूरी बनाए हुए हैं। निश्चित रूप से शहीद जवानों की शहादत ऐसे लापरवाह सरकार को कभी माफ नहीं करेगी भारतीय जनता युवा मोर्चा इसकी कड़ी आलोचना करती है,, इसके अतिरिक्त मंडल अध्यक्ष मनेद्र सिंह सोनी ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से सीख लेना चाहिए जिन्होंने पिछले वर्ष कोराना महामारी के दौरान उत्तर प्रदेश को छोड़कर पिता की मृत्यु की अंत्येष्टि पर भी नहीं गए थे परंतु हमारे मुख्यमंत्री के लिए तो प्रदेश के बजाय हाईकमान की नजर में अपने नंबर बढ़ाना ज्यादा जरूरी था भाजयुमो अध्यक्ष आशीष टोडर ने शासन से मांग की है कि जिस तरह से जम्मू कश्मीर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को निशाना बनाया और सरकार ने अलगाववादियों की कमर तोड़ी ठीक वैसे ही रणनीति नक्सलवाद के खात्मे के लिए बनावे इस अबसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्तागण काफी संख्या में उपस्थित थे।

जहां परिवार वालों ने भी नहीं दिया बुजुर्ग का साथ, वहां जय मां बंजारी संघ की महिलाओं ने करवाया अंतिम संस्कार

आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ भी हुआ

बालोद। बालोद शहर में एक और मानवता की मिसाल सामने आई है। आश्रय स्थल को संचालित करने वाली जय मां बंजारी क्षेत्रीय संघ की महिलाओं द्वारा एक बेसहारा बुजुर्ग चंदर बाई यादव के निधन होने पर उनका अंतिम संस्कार करवाया गया तो वही एक परिवार की भांति मृतक आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ व अन्य अनुष्ठान भी किया गया। दरअसल में बालोद बस स्टैंड में संचालित आश्रय स्थल में ग्राम नेवारीकला की एक बुजुर्ग महिला चंदर बाई यादव रहा करती थी। लगभग 1 साल से उक्त महिला ने आश्रय स्थल में पनाह लिया था। बताया जाता है कि उनके परिवार के अन्य सदस्य उनके साथ अच्छा बर्ताव नहीं करते थे तो वह अपने मूल गांव छोड़कर अपने पति के साथ बालोद आ गई थी। पिछले साल उनके पति का देहांत हो गया तो फिर वह अकेली हो गई और आश्रय स्थल में पनाह ले ली। आश्रय स्थल के प्रबंधक चित्रलेखा साहू सहित अन्य महिलाओं ने उन्हें यहां पनाह दिया और उनकी एक मां की भांति सेवा जतन किया गया। उनके रहने खाने का पूरा इंतजाम महिलाओं द्वारा किया गया। जब विगत 1 अप्रैल को उक्त महिला का अस्वस्थता के चलते निधन हुआ तो समूह की महिलाओं द्वारा इसकी जानकारी उनके परिवार वालों को दी गई कि अंतिम संस्कार के लिए शव को ले जाइए। लेकिन निर्दयता व दूरी ऐसी झलक रही थी कि जो कुछ रिश्तेदार नेवारीकला में रहते हैं, उन लोगों ने अंतिम संस्कार करने या शव ले जाने से भी मना कर दिया और किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद मानवता का परिचय देते हुए नगर पालिका प्रशासन के सहयोग से जय मां बंजारी क्षेत्रीय संघ की महिलाओं ने उक्त महिला के शव का अंतिम संस्कार बालोद के तांदुला नदी के पास करवाया। बकायदा सभी श्रेष्ठ अनुष्ठान भी किए गए।

कलेक्टोरेट परिसर के आस-पास आगामी दो माह तक धारा 144 लागू

बेमेतरा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने 3 अप्रैल को एक आदेश जारी कर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग यथा-खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित है जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अतएव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। अतः यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि के आयोजन को रोका जावे। यह संवेदनशील क्षेत्र है जिसके आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु जुलूस, धरना, आमसभा एवं प्रदर्शन को रोका जाना आवश्यक है। उपरोक्त के आधार पर मुझे यह समाधन हो गया है कि लोक शांति बनाए रखने के लिए उपरोक्त क्षेत्रों में जुलूस, धरना, आमसभा व प्रदर्शन हेतु प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक है। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है।

मैं शिव अनंत तायल, जिला दंडाधिकारी बेमेतरा धारा 144 दं.प्र.स. में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा नगर स्थित संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में जुलूस, धरना, आमसभा, प्रदर्शन पर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित करता हूं।

ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी/सुरक्षाकर्मी को छोड़कर कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, अस्त्र-शस्त्र, धार-धार घातक हथियार आदि लेकर नहीं चलेगा।

कोरोना टीकाकरण कार्य मे गैरहाजिर पंचायत सचिव निलंबित

बेमेतरा। कोरोना टीकाकरण कार्य मे ड्यूटी से गैरहाजिर रहने के कारण जनपद पंचायत साजा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लुक के पंचायत सचिव पंचराम निषाद को निलंबित कर दिया गया है। जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश मे कहा गया है कि ग्राम पंचायत लुक के 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीकाकरण कार्य कराये जाने हेतु ड्यूटी लगाई गयी थी। उनके द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र देवकर मे अनुपस्थित रहने एवं मोबाईल के माध्यम से संपर्क करने पर भी संपर्क नही हो पाने, पंचायत क्षेत्र मे ग्रामीणों को टीकाकरण कराये जाने हेतु किसी भी प्रकार के कार्यवाही नही करने, तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय अपने दायित्वों के निर्वहन मे घोर लापरपाही बरती गई।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

नक्सलियों के खिलाफ ...

पांच छह साल में छत्तीसगढ़ में फोर्स के कैंप अंदर तक ले जाने में सफलता मिली है। यह गति बढ़ी है, जिससे नक्सली बौखला गए हैं। लेकिन इस बौखलाहट से आदिवासी बहुल इलाकों में विकास कार्य नहीं रुकेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साल कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए लेकिन इन्हें आगे भी जारी रखा जाएगा। सभी की ओर से मिले सुझावों पर कार्य शुरू है।

वसूली के आरोप : देशमुख ने ...

नेता नवाब मलिक ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले के बाद अनिल देशमुख ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की और अपने पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई। इसके बाद, शरद पवार ने भी सहमति दे दी। मलिक ने आगे कहा, 'उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले का सम्मान करने के लिए यह कदम उठाया है।'

ये लिखा सीएम उद्धव को भेजे पत्र में

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव को भेजे गए अपने लेटर में अनिल देशमुख ने लिखा है कि उन्हें बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद गृह मंत्री के रूप में बने रहना नैतिक रूप से सही नहीं लगता है। बॉम्बे हाई0कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार और डिप्टी सीएम अजित पवार के बीच में बैठक हुई। शरद पवार के मुंबई स्थित घर पर हुई इस मीटिंग में अनिल देशमुख और सुप्रिया सुले भी मौजूद थीं। बैठक में इस पूरे मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई क्योंकि एनसीपी और एमवीए सरकार के लिए यह शर्मनाक होगा यदि गृह मंत्री को सीबीआई जांच के लिए बुलाया जाता है।

राफेल सौदे में भ्रष्टाचार पर...

इस ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर मीडियापार्ट ने अपनी खबर में दावा किया है कि 2016 में राफेल विमान सौदे से जुड़ी सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंपनी की तरफ से 'उपहार' स्वरूप यह राशि भारत के एक बिचौलिया को दी गयी थी।

जो कंपनी खुद विमान बनाती है उसने भारतीय कंपनी को मॉडल बनाने क्यों दिया :

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि 23 सितम्बर 2016 में ऑडिट से पता चला कि कंपनी ने 10 लाख यूरो का भुगतान किया और उसे उपहार बताया गया। उसके बाद 30 मार्च 2017 को राफेल कंपनी ने एक बयान में कहा था कि उसने यह पैसा राफेल का मॉडल बनाने के लिए दिया था। सवाल यह है कि जो कंपनी खुद विमान बनाती है तो उसने भारत की कंपनी को मॉडल बनाने का आदेश क्यों दिया और इस राशि को उपहार क्यों कहा गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, गरियाबंद छत्तीसगढ़
eegar-phe-cg@nic.in
"रूचि की अभिव्यक्ति"
निविदा निरस्त करने बाबत्

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम ठेकेदारों से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर गरियाबंद जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग हेतु इस कार्यालय का निविदा सूचना क्रमांक 01/दिनांक 01.03.2021 सिस्टम टेण्डर नं. 72434, जी क्रमांक- 87594/9 दिनांक 07.03.2021 सर्वेक्षण एवं डी.पी.आर. तैयार करने हेतु ऑनलाईन रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की गई थी जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी-60085/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
गरियाबंद (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
E-mail id: eemah-phe-cg@nic.in Telephone : 07723-223731
क्र. 1295/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./2021/महासमुन्द, दिनांक 3.4.2021
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम :- महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के समस्त कार्य।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3	4
168	75655	ग्राम बकमा विकासखण्ड बागबाहरा	55.01
169	75656	ग्राम देवरी विकासखण्ड बागबाहरा	76.38
170	75657	ग्राम ढोढरकसा विकासखण्ड पिथौरा	56.53
171	75658	ग्राम घूंचापाली विकासखण्ड बागबाहरा	67.16
172	75659	ग्राम हरनादादर विकासखण्ड बागबाहरा	61.77
173	75660	ग्राम जूनवानी खुर्द विकासखण्ड बागबाहरा	58.41
174	75661	ग्राम कसीबाहरा विकासखण्ड पिथौरा	63.68
175	75662	ग्राम खेमडा विकासखण्ड बागबाहरा	64.51
176	75663	ग्राम खुटेरी विकासखण्ड पिथौरा	57.92
177	75664	ग्राम कोलदा विकासखण्ड पिथौरा	58.29
178	75665	ग्राम कोमा विकासखण्ड बागबाहरा	58.89
179	75666	ग्राम लाखागढ़ विकासखण्ड पिथौरा	63.90
180	75667	ग्राम नवागांव कला विकासखण्ड पिथौरा	48.90
181	75668	ग्राम पतेरापाली विकासखण्ड बागबाहरा	50.78
182	75669	ग्राम ठाकुरदिया कला विकासखण्ड पिथौरा	58.74

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 23.04.2021 सायं 5.30 बजे तक।

जी-60081/4

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. एलआईजी-11/131 द्वितीय तल में श्री एम. वेंकटेश्वर पिता श्री एम. मुकुन्द राव को स्ववित्तीय/ एकमुश्त /आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. 05.12.2006 को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती रेखा शर्मा पति श्री उमाशंकर शर्मा के पक्ष में दिनांक 05.06.2014 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्रीमती रेखा शर्मा पति श्री उमाशंकर शर्मा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.486 दिनांक 31.03.21 वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल- 40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-40 शांति विहार शीतला मंदिर के पीछे स्थित भूमि ख.नं. 192/1 RPR569L00096 जो कि निगम अभिलेख में श्री कलीराम साहू पिता स्व. बोधीराम साहू के नाम से दर्ज है जिसको श्री प्रकाशचंद साहू पिता कलीराम साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

Chhattisgarh State Industrial Development Corp. Ltd.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
1st Floor, Udyog Bhawan, Telibandha, Ring Road No.1, Raipur 492 006 (C.G)TeleFax: 0771-4057624
Website : www.csidc.in, Email: cside.cg@nic.in, csidc_raipur@ yahoo.com

e-Tender Enquiry No. CSIDC/MKD/2020-21/45 Raipur, Dated 05.04.2021

CSIDC Ltd, Raipur inviteds online tenders under Chhattisgarh Govt. Store Purchase Rule-2002 (As Ammended) for the following items from the **Vendor Registered under Online CSIDC Registration System only** for thr conclusion of Rate Contract.

The tenderers are required to refer para 20 of form-5 tender documents under CSIDC form-5 where in the list of essential documents which are to be submitted along with Technical Bid Envelope-A is given & also read changes made in general terms & condition as per amendment recently made.

Sl No.	SPR Annex-1 Sr. No.	Item Description	Last date of online submission	EMD (Rs.)	Remarks
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)
1	71	Fire Blower (ISI Marked)	10.05.2021	1,00000/-	(1) The EMD in the form of demand Draft favoring **CSIDCL Main Office, (Receipt a/c)** payable at raipur must reach this office physically upto 5.00 PM on last date (as quoted in column "D") of online submission of tender. (2) The tender documents can be downloaded from the portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online only.
2	31/60	Photocopier	10.05.2021	1,00000/-	

NOTE :
1. The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProcurement site https://eproc.cgstate.gov.in Helpdesk. Operated by Seevice Provider Agency Mjunction Services Limited., They may reach by using Helpdesk 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (there in press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
2. Tenderer may contact to CSIDC in working hours to clear their doubt if any before online submission of the tender.
3. इच्छुक इकाईयां, अनिवार्य सीएसआईडीसी वेन्डर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाईन वेबसाइट www.csidcmkt.in पर पूरा करें।

S.-28530/2 **Executive Director**

कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध वेबसाईट www.csidc.in देखे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

अमितेश के पौत्र के उपनयन संस्कार में पहुंचे डॉ. महंत, दिया आशीर्वाद

फिंगेश्वर। 01 अप्रैल को रायपुर शंकर नगर स्थित शुक्ल भवन में प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकाश मंत्री एवं वर्तमान राजिम विधायक माननीय अमितेश शुक्ल जी के बड़े चिरंजीव श्री भवानी शंकर शुक्ल जी के सुपुत्र एवं माननीय अमितेश शुक्ल जी के पौत्र निलाद्री शंकर शुक्ल का उपनयन संस्कार (जनेउ) का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे आर्शीवाद देने छत्तीसगढ़ के विघानसभा अध्यक्ष माननीय चरणदास महंत जी पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य मंत्री माननीय टी.एस. सिंहदेव जी राजस्व मंत्री मननीय जय सिंह अग्रवाल जी,पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी, पूर्व मंत्री माननीय बृजमोहन अग्रवाल जी,बस्तर राजा प्रवीण भंजदेव जी एवं मण्डलों के अध्यक्ष श्री एम.आर निषाद,अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड, श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम ,श्री सुभाष धुप्पड़ अध्यक्ष रायपुर डेव्लपमेंट अथॉरिटी,श्रीमती किरण मयी नायक अध्यक्ष राज्य महिला आयोग, श्री गिरिश दूबे अध्यक्ष जिला शहर कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं श्री सुन्दर जोगी सहित पक्ष-विपक्ष के कई राजनेता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

शीतला अष्टमी का पर्व धार्मिक वातावरण में धूमधाम से मनाया गया

खरसिया। शीतला अष्टमी का पर्व सोमवार को अत्यंत ही धार्मिक वातावरण में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने परिवार की स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए माता शीतला की आराधना की गई। मंदिर परिसर में आने वाली महिलाओं द्वारा अपने परिजनों के स्वास्थ्य एवं सुख समृद्वि के शीतला माता की विशेष पूजन किया गया। प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी शीतला अष्टमी का पर्व पुरानी परंपरा के अनुसार धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के हमालपारा बस स्टैण्ड स्थित शीतला माता मंदिर में शीतला अष्टमी की तैयारी श्रद्वालु व भक्तों द्वारा पिछले कई दिनों से की जा रही थी। शीतला अष्टमी की पूजा के लिए मंदिर को रंगरोगन कर और रंगीन झालर लगा कर विशेष रूप से सजाया गया था। सोमवार को शीतला अष्टमी के दिन भोर होते ही मंदिर परिसर में नगर के लोगों का आना प्रारंभ हो गया था। श्रद्वालु पूरे परिवार के साथ मंदिर आने लगे थे और मंदिर परिसर में परिवार की महिलाएं पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य एवं सुख समृद्वि की कामना करते हुए शीतला माता की पूजा-अर्चना में लगी हुई थीं। सुबह होते तक तो पूरा परिसर शीतला माता की पूजा करने आने वाले परिवारों से भर गया था और लोग बारी-बारी से शीतला अष्टमी के दिन परंपरा के अनुसार शीतला माता की पूजा कर रहे थे।

प्राथमिक साख सरकारी समिति मोहरा में कार्यकाल पूर्ण होने पर हीरालाल को दी विदाई

खरोरा। भटभेरा शाखा अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पंजीयन क्रमांक 341में विगत 31 वर्षों से सेल्समैन के पद पर कार्यरत रहे।ग्राम बरडीह निवासी हीरा लाल वर्मा को आज समिति के कर्मचारी एवं संचालक मंडल द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया ।इस मौके पर सर्वप्रथम भारत माता की स्मृति पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उक्त कार्यक्रम पर पूर्णा काल को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर समिति के प्रबंधक सुखदेव वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बीच उपस्थित हीरा लाल वर्मा जी का हम हार्दिक दिल से स्वागत करते हैं जो हमारे इस समिति में एक परिवार के रूप में 31 वर्षों तकअपनी पूर्ण ईमानदारी के साथ योगदान देकर एक अच्छे कर्मचारी के रूप में स्थापित हुए जिसके लिए हम सभी समिति के कर्मचारी एवं संचालक मंडल आभारी रहेंगे इसके उपरांत मोहरा सोसायटी अध्यक्ष ललित कुमार वर्मा ने कहां की जब हम किसी से विदा लेते हैं या कोई और जब हमसे अलग होता हैं तो उसे शुभकामनाओं के साथ विदा करना और उसकी शुभकामनायें प्राप्त करते हुए उसे 'अलविदा' कहना विदाई कहलाता है जो आज हमारे बीच एक अच्छे कर्मचारी के रूप में साबित हुए भाई हीरालाल वर्मा जी को उनके कार्यकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन रखा गया उन्होंने अपने कार्यकाल में जो समिति के प्रति निस्वार्थ सेवा प्रदान किए और एक अच्छे कर्मचारी के रूप में साबित हुए जिसके लिए हम सदा आभारी रहेंगे विदाई कार्यक्रम में गजेंद्र जयसवाल देवेंद्र वर्मा प्रभारी प्रबंधक दीनबंधु यादव पूर्व अध्यक्ष बोधराम वर्मा कार्तिक राम वर्मा सुहागा बाई वर्मा मंजू ठाकुर वर्मा दयाराम यादव उपसरपंच राजेश वर्मा देवदत वर्मा नरेश कुमार वर्मा सनत वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया छत्रधारी वर्मा खुबीराम ध्रुव लेख राम वर्मा प्राणनाथ वर्मा बालेश्वर सरपंच संतन बांधे संतराम वर्मा सहित समिति के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

कांग्रेसी पहुंचे बहेरापाल, की आर्थिक मदद

फिंगेश्वर। विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम बहेरापाल में कीटनाशक सेवन कर सामूहिक आत्महत्या कि इस घटना को सुनकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भाव सिंह साहू, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नथ साहू जिला महामंत्री जाकिर खान जिला सहकारी बैंक बोरसी के अध्यक्ष रेवाराम साहू बहेरापाल पहुंचे वहां ग्रामीण जनों व मृतक के परिवार से मुलाकात कर स्थिति परिस्थिति की जानकारी ली गई.इन सभी ने 100 किलो चावल व 4000 रूपए का सहयोग प्रदान किया जिला अध्यक्ष ने विधायक अमितेश शुक्ल को पुरे मामले की जानकारी दी.।

हादसे के बाद विवाद, लगी भीड़

खरोरा। समीप्रस्त केशला में पेट्रोल पंप के सामने एक छोटा सा एक्सीडेंट हो गया जिसके किसी को भी गंभीर चोट नही आई । परंतु एक्सीडेंट होने के पश्चात वहाँ पर वो दोनों मोटरसाइकिल चालक आपस मे विवाद करने लगे जिसे देखने लोगो की भीड़ जमा होने लगी । जहाँ पूरे छेत्र में कोरोना अपना पैर पसार चुका है वही लोग अभी भी लापरवाही करने से पीछे नही हट रहे इसके अलावा ज्यादातर लोगों ने मास्क भी नही लगाया था । बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच भीड़ को हटाया और मामले को शांत कराया ।

शहीद सुखराम की पार्थिव देह पहुंचते ही श्रद्धांजलि देने उमड़ा सौलाब

■ **नपा अध्यक्ष गफ्फुमेमन के नेतृत्व में नगरवासियों ने वीर सपूत को श्रद्धांजलि**

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। बीजापुर नक्सली हमले में शहीद गरियाबंद जिले के वीर जवान सुख सिंह परस का पार्थिव शरीर सोमवार दोपहर 3:30 बजे गरियाबंद पहुंचा। इस अवसर पर नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में पालिका जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों ने पुष्पांजलि के साथ उन्हें आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांसद चुन्नीलाल साहू, कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ चंद्रकांत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू भी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पूर्व गरियाबंद जिले के वीर सपूत सुख राम के पार्थिव शरीर के आगमन को लेकर नम आँखों के साथ नगरवासी सड़क के दोनों ओर इकठ्ठा हो गए थे। सबकी नजर राजिम की ओर से आने वाले जवान के पार्थिव शरीर के इंजतार में सड़क को निहार रही थी, सड़क पर फुल बिछा दिए गए थे, तय समय के मुताबिक करीब 3:30 बजे जैसे ही सुख सिंह परस के पार्थिव शरीर लेकर पुलिस का काफिला तिरंगा चौक पहुंचा, काफिले के पहुंचते ही सुखराम परस अमर रहे, भारत माता की जय के जयकारों के साथ पूरा नगर गूंज उठा। दोनों ओर से लोगों ने काफिले पर पुष्प वर्षा शुरू कर दी। करीब 10 मिनट तक काफिला नगर के हृदय स्थल तिरंगा चौक में रुका रहा इस दौरान सांसद चुन्नीलाल साहू और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पण कर सुखसिंह के शहादत को नमन किया, इसके अलावा कलेक्टर और एसपी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस दौरान कुछ समय के लिए पूरा माहौल मार्मिक हो गया, लोगों को आंखें नम रही द्य श्रद्धांजलि अर्पण करने के साथ ही लोगों ने अपनी ओर दुःख भी व्यक्त किया। साथ ही शहिद सुखराम के पराक्रम को भी नमन किया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि नक्सलियों के कायराना हमले में हमने गरियाबंद जिले के एक वीर सपूत को खो दिया, उनके बलिदान को हम सब नमन करते हैं, आखिरी साँस तक सुख सिंह ने नक्सलियों से लोहा लिया, बहादुरी के साथ उनका सामना किया और देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, उनके इस वीरता और पराक्रम को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके बलिदान से ना केवल वह अमर हो गए बल्कि गरियाबंद को भी गौरवान्वित किया है।

इस अवसर पर सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि नक्सली हमले शहीद वीर जवान सुख सिंह सहित अन्य जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने स्वयं मामले में संज्ञान लिया है, वे सोमवार को जगदलपुर पहुंचे और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी साथ ही उन्हें सीधे शब्दों में कहा कि नक्सलियों के साथ अंत तक लड़ाई जारी रहेगी और अब और तेजी के काम करेंगे, नक्सलियों पर विजय हासिल करेंगे। सांसद ने कहा कि उनकी एवं केंद्र सरकार की संवेदनाएं सभी शहीद जवानों के प्रति हैं।

एकल शिक्षक की समन्वयक नियुक्ति पर शिक्षा जगत में रोष, ऊपरी चढ़ावे की चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग। संकुल समन्वयक नियुक्ति और अधिकारियों से हुई तगड़ी सेटिंग का खुलासा अब खुलकर हो रहा है। एकल शिक्षकिय भी ऊपरी चढ़ावा चढ़ा कर समन्वयक बन चुके हैं ।जिसे लेकर क्षेत्र के शिक्षा जगत में आक्रोश दिखाई पड़ रहा है। क्योंकि जिला स्तरीय नियुक्ति टीम ने सरकार की बिना नियम के परवाह किए संकुल समन्वयक नियुक्त कर दिया है। जानकारी के मुताबिक राज्य शासन के दिशा निर्देश अनुसार एकल एवं द्वितीय शिक्षक शालाओं में से संकुल समन्वयक नामांकित नहीं करने का स्पष्ट आदेशित है ।बावजूद इसके मैनपुर विकासखंड आड़ पथार स्कूल से एकल शिक्षक बलिराम नेताम को संकुल समन्वयक के लिए नामांकित किया गया है ।जबकि अनावेदक द्वारा बलिराम नेताम के ऊपर यह आरोप लगाया जा रहा है। कि बलिरम द्वारा संकुल समन्वयक की फार्म तय तिथि अनुसार नहीं डाला गया। क्योंकि 8 फरवरी सूची प्रकाशन में बलिराम नेताम का नाम बिल्कुल भी उल्लेख नहीं है। मतलब बलिराम नेताम ने सीधा डीएमसी कार्यालय पर नियम विपरीत फार्म जमा कर संकुल समन्वयक के लिए चयनित हो गए। और बिना जांच पड़ताल के जिला स्तरीय टीम ने बलिराम नेताम को नियुक्त भी कर दिया। जिसे लेकर शिक्षा के गलियारों में तगड़ी सेटिंग का चर्चा खूब जोरों पर है। क्योंकि उक्त संकुल के प्रधान पाठक छविलाल कश्यप की प्राथमिकता पहले मानी जाती रही । जिला स्तरीय नियुक्ति टीम पर तो सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा क्या जा रहा है। कि गुरजीभाटा के द्वितीय शिक्षक ही साला के मैथ्स के शिक्षक को संकुल समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। ऐसे में माध्यमिक शाला के बच्चों की पढ़ाई किस तरह हो सकता है ।मतलब नियुक्ति टीम बच्चों की भविष्य को अनदेखा कर निजी स्वार्थ साधने के लिए अपने करीबियों को संकुल समन्वयक बनाने का आरोप लगाया जा रहा है ।तभी मामला की शिकवा शिकायत इन दिनों काफी जोरों शोरों पर हो रही है। अधिकारी से लेकर राजनेताओं के बीच संकुल समन्वयक नियुक्ति की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं।

> जींन शिक्षकों को संकुल समन्वयक के लिए नामांकित किया गया है वह शिक्षक अपने साला से रिलीफ नहीं होंगे और सिर्फ और सिर्फ अभी नामांकित किया गया है नियुक्ति नहीं
>
> **श्याम चंद्राकर,** डीएमसी गरियाबंद

भाजयुमो ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

बेमेतरा। 4 अप्रैल की शाम को भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बेमेतरा द्वारा बीजापुर नक्सली हिंसा में शहीद हुए वीर जवानों को जय स्तम्भ चौक में केंडल जलाकर दो मिनट मौन रहते हुए श्रद्धाजंली अर्पित किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास घरडे, भाजयुमो प्रदेश कन्याशक्ति संयोजिका सुश्री निशा चौबे, तारन राजपूत, निखिल साहू, तुषार साहू, रूपेंद्र साहू सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री शलभ कुमार सिन्हा, के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक सुश्री ऋचा मिश्रा, तथा उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) श्री पी.आर.कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) श्री बी.आर.मण्डावी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश सोम के नेतृत्व में गुम बालक/ बालिकाओं को जल्द से जल्द दस्तयाब करने थाना कोतवाली में टीम गठित की गई है। जो लगातार महिला, बालक बालिकाओं, पर घटित अपराधों को सुलझा कर आरोपियों पर वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना कोतवाली में नाबालिक बालिका के परिजनों ने दिनांक 24.03.2021 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गये हैं, कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 225/2021 धारा 363 भा.द.वि.पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तथा नाबालिग बालिका की पता तलाश पुलिस टीम द्वारा किया जा रहा था, जिस पर विवेचना दौरान दिनांक 04.04.2021 को अपहृता को आरोपी सुरेन्द्र यादव पिता केजू यादव उम्र 22 साल साकिन पैठूपारा थाना कवर्धा के कब्जे से बरामद कर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपहृता को बहला फुसलाकर ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाना बताया गया, जिस पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में धारा-366,376 (2) (एन) भादवि 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी सुरेन्द्र यादव को ज्यूडिसियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। तथा नाबालिक बालिका को विधिवत परिजनों को सौंपा गया।

जि. पं. सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी को मिली यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की जिम्मेदारी

कवर्धा। वर्तमान उत्तरप्रदेश में होने वाले जिला पंचायत चुनावों के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस के प्रदेश सह सचिव तथा कबीरधाम जिले से जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी को उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए मज़फ्फर नगर जिले का प्रभार सौंपा है जिसके तुरंत बाद कल शाम अपनी पांच सदस्यीय टीम लेकर तुकाराम चन्द्रवंशी उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले पहुँचें और मुजफ्फरनगर के जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष से मुलाकात कर वस्तुस्थिति देखते हुए रणनीति तैयार किये ।

बताया गया कि मुजफ्फरनगर के लगभग 43 जिलापंचायत क्षेत्रों के चुनाव के प्रभार के लिए तुकाराम चन्द्रवंशी की जिम्मेदारी अहम मानी गयी है ।

इससे पूर्व भी तुकाराम चन्द्रवंशी कई अन्य राज्यों में होने वाले विभिन्न चुनावो में प्रभारी,प्रचारक का दायित्व निभा चुके हैं हाल ही में असम चुनाव में भी मंच से कांग्रेस आवाज बनकर कांग्रेस की रीति नीति और सिद्धान्तों को जनता तक सरल स्पस्ट शब्दों में पहुचाते आये हैं

इसके अतिरिक्त भी, महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश के चुनाव में भी दिए दायित्वों का निष्ठा पूर्व निर्वहन करने के बाद पार्टी ने उनके दमदार वक्ता, और युवा जोश को देखते हुए उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर जिले की 43 जिलापंचायत क्षेत्रो का प्रभार सौंपा।

आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत अब 30 अप्रैल तक बनाया जायेगा नि :शुल्क आयुष्मान कार्ड

■ **अब तक 2 लाख 35 हजार 23 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन**

गरियाबंद। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ खूबचंद स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार के द्वारा गरियाबंद जिलें में ''आपके द्वार आयुष्मान'' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब इस अभियान को 30 अप्रैल 2021 तक बढ़ा दिया गया है। जिसके अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त च्वाईस सेंटरो/लोक सेवा केंद्रों में समस्त राशनकार्डधारी परिवार को निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाकर दिया जा रहा है।जिसमे पात्रतानुसार प्राथमिकता एवं अंत्योदय वाले राशन कार्डधारी परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रूपये तक चिकित्सा सहायता एवं अन्य राशन कार्डधारी परिवारों को 50 हजार तक की चिकित्सा सहायता राज्य के किसी भी पंजीकृत निजी एवं शासकीय चिकित्सालय मे प्रदान की जाती है। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नागरिकों को परिवार पहचान हेतु राशन कार्ड एवं व्यक्तिगत पहचान हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर सहित च्वाईस सेंटरो,/लोक सेवा केंद्रों मे जाना होगा। च्वाइस सेंटरो/लोक सेवा केंद्रों के द्वारा हितग्राहियों को उनकी पात्रता के आधार पर आयुष्मान कार्ड निःशुल्क बनाया जायेगा।

निधन

नान्हीं देवी

खरसिया। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बजरंग सपोसवाल की माताजी एवमं स्व. लाला राम जी सपोसवाल की धर्मपत्नी नान्हीं देवी का 90 वर्ष की आयु में दुखद निधन आज सोमवार को हो गया, जिनकी गोलोक गमन यात्रा सोमवार शाम 5 बजे सुभाष चौक पोस्ट ऑफिस रोड स्थित निवास से निकलकर मौहापाली रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया । वे बजरंग अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल एवं राजू अग्रवाल सपोसवाल की माताजी थीं। पूजा पाठ में अग्रसर रहने वाली काफी धर्मपरायण महिला थी इनके निधन से नगर में शोक की लहर है।

विडंबना पात्र महिला हितग्राहियों को नहीं किया वितरण, कई सिलाई मशीन चोर उड़ा ले गए

महिलाएं वंचित, 2 साल से धूल खा रहीं सिलाई मशीनें

सुप्रीत शर्मा

बालोद (नवप्रदेश)। हालांकि अधिकारी सीधे तो कुछ नहीं कह रहे हैं लेकिन प्रदेश की सत्ता परिवर्तन का असर देखा जा सकता है। सरकार बदली तो अब सरकारी विभागों में प्राथमिकताएं भी बदल गई है। फिलहाल विभागों में नई सरकार के हिसाब से प्राथमिकताएं तय होने लगी हैं। पिछ्ले दो साल से महिलाओं को निःशुल्क दी जाने वाली सिलाई मशीन सरकारी पेचीदगियों में उलझकर कलेक्ट्रोरेट के एक कार्यालय में धूल खा रही है। अचरज की बात है कि महिला एवं बाल विकास की मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया के गृह जिले में महिलाओ को मिलने वाले लाभ पर संबंधित विभाग ऐसी लापरवाही बरत रहा है। पूर्ववर्ती सरकार में श्रम विभाग के छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मडल द्वारा मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत 36 से 60 वर्ष आयु समूह की पंजीकृत महिला हितग्राहियों को निःशुल्क सिलाई मशीन प्रदान करने की योजना बनाई थी। साल 2018 में विकास यात्रा के दौरान सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम मे तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने योजना के तहत प्रशिक्षित महिला हितग्राहियों को निःशुल्क सिलाई मशीनों का वितरण किया था। वितरण करने 300 सिलाई मशीनें मंगाई गई थीं। वितरण के बाद बची लगभग 119 सिलाई मशीन को नगरपालिका के स्टेडियम में रखा गया था। लेकिन देखरेख के अभाव में दरवाजे का ताला तोड़ चोरों ने 34 सिलाई मशीन उड़ा ली थी। सिलाई मशीन चोरी पर हंगामा मचे के बाद विभाग के द्वारा लगभग 85 मशीनों को वापस कलेक्टोरेट के श्रम विभाग ले जाया गया था। लेकिन कलेक्टोरेट के एक कमरे में रखे सिलाई मशीन 2 साल बाद आज भी धूल खा रहे है और लोगो के द्वारा उसमे थूका भी जा रहा है।

आचार संहिता, कोरोना के कारण नही हो पाया वितरण

अधिकारी का कहना है कि दो साल से तो ऐसा हुवा की अक्टूबर 2018 में ज्वाइन किया तो उसके बाद विधानसभा फिर लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का आचार संहिता लगा था। जब आचार संहिता खत्म हुवा तो अब कोरोना काल चल रहा है अब उससे उबरे नही तो क्या करे।

हमारे द्वारा जब जिम्मेदार अधिकारी को यह सवाल किया गया कि कोरोना खत्म होने के बाद तो बहोत समय मिला था, बीच मे वितरण करने का तब अपने क्यो नही किया गया, तो उनका कहना था कि अपने स्टेटमेंट के लिए जो पूछा है में उसको नियमानुसार बता रहा हु, पात्र हितग्राहियो का चयन करके दे देंगे उसमे कोई दिक्कत नही है।

1 पात्र हितग्राहियों का चयन किया जा रहा है चयन करने के बाद वितरण कर दिया जाएगा,जब से आया हु आचार संहिता और कोरोना भी चल रहा था , यह प्रशिक्षण प्राप्त महिला श्रमिको को देना है,-- संजय सिंह, जिला श्रम अधिकारी बालोद

विभाग का कहना पात्र हितग्राही नहीं

विभाग की माने तो दो सालों से उनके पास सिलाई वितरण के लिए पात्र हितग्राही नही है। मतलब इन दो सालों में प्रशिक्षण के भी कार्यक्रम नही हुए है। जब ऐसा नही तो विभाग का ये कहना भी गलत है कि सूची बनाई जा रही है फिर जल्द ही सिलाई मशीन वितरण कर दिया जाएगा।

कोरोना काल में बढ़ते संक्रमण के बीच फिर सक्रिय हुए झोलाछाप डॉक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में झोलाछाप डॉक्टर बिना पंजीयन के क्लीनिक चला रहे हैं। इन दिनों मौसम से संबंधित सहित अन्य बीमारियों से बड़ी संख्या मे लोग पीड़ित हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण के कारण कुछ लोग इन दिन अस्पताल जाने से बच रहे हैं। ऐसे में कई लोग बिना डिग्री वाले इन झोलाछाप डॉक्टारों से ही इलाज करा रहे है। कोरोना के मरीजों के मामले में यह स्थिति सामने भी आई है, जब संक्रमित मरीज ने सरकारी अस्पताल में दिखाने से पहले निजी क्लीनिक या झोलाछाप डॉक्टारों से उपचार कराया। ऐसे में मरीजों की जान पर भी बन आती है।

सरकारी अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ व संसाधानों की कमी है। वहीं दूसरी ओर वर्तमान में सिर्फकोरोना से पीड़ितों पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य संबंधी अन्य समास्या होने पर लोगों को निजी क्लीनिक या झोलाछापों का ही सहारा लेना पड़ रहा है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों मे झोलाछाप डॉक्टारों का काम तेजी से और बेरोक टोक चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में इन निजी क्लीनिकों के द्वारा लोगों से उपचार के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई करने के बजाय स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार हादसों का इंतजार कर रहे हैं। पूर्व में भी झोलाछाप डॉक्टरों के इलाज से लोगों की सेहत बिगड़ने के मामले सामने आ चुके हैं। प्रशासन ने मामलो को कई बार रफादफा कर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। इन दिनों सरकारी अस्पताल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों पर बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं।

ग्रामीण मरीजों का उठा रहे फायदा

बिना डिग्री उपचार करने वालों पर होनी चाहिए कार्रवाई

गांवों में स्थित निजी क्लीनिकों पर इन दिनों भीड़ देखी जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सुविधाओं के ही क्लीनिक का संचालन हो रहा है। कुछ साल पहले स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन ने अभियान चलाकर झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक पर छापे मार कार्रवाई की गई थी। इनमें कई जगह गंभीर लापरवाही व बिना डिग्री उपचार करने वाले डॉक्टर मिले थे। किंतु कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई।

कोरोना में सब मंदा पर इनका जोरो पर है धंधा

क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का धंधा कोरोना काल में भी खूब चल रहा है। लोग इनका विरोध करने की जगह इलाज करा रहे हैं। पहले तो यह ग्रामीण क्षेत्रों में ही सक्रिय थे अब तो इन्होंने शहरी क्षेत्र में भी दुकानदारी जमा ली है और यह झोलाछाप डॉक्टर कोरोना की चेन को बढ़ा सकते हैं। बिना डिग्री, डिप्लोमा के ही लोगों का इलाज कर उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। कोरोना जैसी बीमारी के समय भी यह बाज नहीं आ रहे हैं। यह न तो अपनी सुरक्षा कर रहे हैं और न ही इलाज कराने वाले लोगों की। सर्दी, खांसी के मरीजों को मेडिकल पर दवा देने के लिए मना किया गया है, लेकिन यह झोलाछाप डॉक्टर ऐसे मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इलाज करते समय सावधानी भी नहीं बरती जा रही है और सर्दी, जुखाम के मरीज को देखने के बाद यह दूसरे मरीजों का इलाज करना शुरू कर देते हैं। यदि फर्जी डॉक्टर संक्रमित निकलता है तो यह चेन बहुत लंबी निकलेगी।

संक्रमण रोकथाम के उपाय नहीं

ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित दवाखानों में कोरोना संक्रमण रोकथाम के उपाय को लेकर भी लापरवाही सामने आ रही है। शारीरिक दूरी नियम का पालन करने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मरीजों और उनके परिजन बिना मास्क लगाए खड़े रहते हैं। उस पर कुछ झोलाछाप डॉक्टर ऐसे भी हैं जो मरीजों के घर जाकर बकायदा इलाज कर रहे हैं।

नहीं की जाती कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई न करने के कारण ही इनकी तादाद बढ़ती जा रही है। कार्रवाई न होने का लाभ उठाते हुए दूसरे जिलों व राज्यो तक के फर्जी डॉक्टर भी यहां आकर इलाज करने लगे हैं। क्षेत्र में कई वर्षों से ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई है। जिम्मेदार विभाग ले अफसर यही आश्वासन देते हैं कि क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय हैं और वह कोरोना काल में भी इलाज कर रहे हैं, जल्द ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। पर सिर्फआश्वासन ही मिलता है। कोरोना काल में भी अब तक ऐसे डॉक्टर पर किसी तरह की ठोस कार्रवाई नहीं हुई है ना कोई चेकिंग हुई है। लिहाजा एक-एक कर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप व बिना डिग्री धारी डॉक्टर पनपने लगे हैं। यह स्वयं असुरक्षित हैं और दूसरों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। इस संबंध में लोगों को भी खुद जागरूक होना होगा ।

कॉलेज परीक्षा का पता नहीं पर कंप्यूटर में अंकों की एंट्री के लिए खर्च निर्धारित

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा/नवप्रदेश। कॉलेजों की परीक्षा कब होगी, इसका पता नहीं है। पर प्राप्तांकों की जानकारी अपलोड करने के खर्च पर चर्चा शुरू हो गई है। परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं के प्राप्ताकों की जानकारी कंप्यूटर आपरेटर विश्वविद्यालय के पोर्टल में अपलोड करते हैं। मुख्य एवं प्रायोगिक परीक्षाओं से संबंधित एंट्री करने आपरेटरों के लिए पारिश्रमिक का निर्धारण कर दिया गया है। विश्वविद्यालय के निर्णय के अनुसार कालेज में एक हजार छात्र होने पर पांच दिन व उससे अधिक होने पर 100 रुपये के मान से सात दिन के पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा।

कालेजों की मुख्य एवं प्रायोगिक परीक्षा के मूल्यांकन के बाद परीक्षार्थियों के प्राप्तांकों को विषय व प्रश्न पत्र अनुसार विश्वविद्यालय के पोर्टल में आनलाइन एंट्री करना होता है। यह कार्य महाविद्यालय के कंप्यूटर आपरेटर पूर्ण करते हैं। इस संबंध में विश्वविद्यालय कार्य परिषद की बैठक आयोजित की गई थी और इस कार्य के लिए दिए जाने वाला व्यय निर्धारित किया गया था।

परीक्षा में हो रही देरी का असर अगले सत्र पर

जिले में अटल विश्वविद्यानय से संबद्ध शासकीय व निजी समेत 19 कालेज हैं, जिनमें अब तक परीक्षा नहीं हो पाना एक बार फिर नए सत्र के लिए परेशानी खड़ा करेगा। अब तक शेड्यूल जारी नहीं हुआ है और जब कभी भी नई तिथि परीक्षा के लिए जारी होगी उसके बाद कम से कम 45 दिन परीक्षाओं को संपन्ना कराने में लगेंगे। 15 जून के पहले तक परीक्षाएं अगर करा भी ली जाती हैं तो मूल्यांकन की प्रक्रिया में 10 से 15 दिन लगेगा, फिर रिजल्ट जारी होंगे। कुल मिलाकर इस सत्र में भी कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया समय पर पूर्ण होना तो दूर, शुरू होना भी मुश्किल दिख रहा। ग्रीष्मकालीन अवकाश का कोई विकल्प स्टाफ ही नहीं छात्रों के सामने भी नहीं बचेगा।

100 रु. प्रतिदिन का अनुमोदन

बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध जिले के कालेजों में कंप्यूटर आपरेटर के लिए आन लाइन एंट्री के कार्य पर पारिश्रमिक तय किया गया है। इसके अनुसार कालेज में एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं होने पर पांच दिन और उससे अधिक विद्यार्थी होने पर सात दिन का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। यह पारिश्रमिक 100 रुपये प्रतिदिन की दर से लिपिकों के लिए अनुमोदित दर 100 रुपये के बराबर दिए जाने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था इस शिक्ष सत्र 2020-21 से प्रभावशील की गई है।

बी-प्रमाण पत्र के लिए 22 स्वयं सेवकों ने दी परीक्षा

एनएसएस छात्र-छात्राओं को बी-प्रमाण-पत्र की पात्रता के लिए केएन कालेज के प्रभारी प्राचार्य एसके शर्मा के मार्गदर्शन में परीक्षा ली गई। इसमें 22 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। अग्रसेन कालेज की कार्यक्रम अधिकारी गौरी वानखेड़े बाह्य परीक्षक व छात्र कार्यक्रम अधिकारी जीएम उपाध्याय, छात्रा कार्यक्रम अधिकारी प्रीति द्विवेदी के नेतृत्व में परीक्षा हुई। परीक्षा में कोरोना योद्धा के रूप में किए गए कार्य, रक्तदान, गंदगी मुक्त भारत अभियान, फिट इंडिया प्रभात फेरी, ब्लू ब्रिगेड आदि कार्यों से संबंधित प्रश्न साक्षात्कार में पूछे गए। बी प्रमाण-पत्र परीक्षा के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक वायके तिवारी, शनिदेव खुटे, पुष्पा साहू, मनीता कंवर, पूजा गुप्ता, स्वाति राठौर, दिनेश तांबे, विकास कुमार, जयप्रकाश पटेल उपस्थित थे।

बालोद नगर पालिका के अध्यक्ष विकास चोपड़ा हुए कोरोना संक्रमित, असम चुनाव प्रचार से लौटे थे शहर

बालोद। बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा कोरोना संक्रमित हो गए हैं। पिछले दिनों से लगातार असम दौरे पर थे और चुनाव प्रचार के बाद होली के पहले ही वे बालोद शहर घर लौटे थे। उन्होंने लौटने के बाद खुद की कोरोना जांच कराते जागरूकता का परिचय देते हुए तस्वीर सोशल मीडिया में भी साझा की थी। पिछले चार-पांच दिन से उन्हें तेज बुखार था। जब उन्होंने दुबारा जांच करवाया तो रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई। इसकी जानकारी उन्होंने आज खुद फेसबुक अकाउंट में साझा की है। लोगों से अपील भी की गई है कि जो जो भी उनके संपर्क में रहे हैं वह भी जांच जरूर करवाएं। नगर पालिका अध्यक्ष के पॉजिटिव आने के बाद नगर पालिका प्रशासन में भी हड़कंप की स्थिति है। वही नगर पालिका को सैनिटाइज भी कराया जा रहा है। आम लोगों के लिए पालिका को बन्द कर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

कोरोना का कहर, अब एसडीएम और तहसील कार्यालय बंद

गरियाबंद। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय के चार कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के बाद एसडीएम और तहसील कार्यालय को तीन दिनों के लिये बंद कर दिया गया है। आज अनुविभागीय अधिकारी (रा) कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है। डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी भुपेन्द्र साहू ने बताया कि तहसील कार्यालय के चार कर्मचारियों की कोरोना जांच धनात्मक पाये जाने के बाद गुरुवार तक के लिए कार्यालय बंद किये गये है। विदित हो कि इससे पूर्व 31 मार्च 2021 को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा जारी किये गये आदेशानुसार संयुक्त जिला कार्यालय की समस्त गतिविधियों को 48 घंटे के लिए स्थगित कर दी गई थी। कलेक्ट्रेट कार्यालय के दो अधिकारियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद दो दिनों तक कलेक्टर कार्यालय बंद कर दिया गया था , अब एसडीएम और तहसील कार्यालय को भी तीन दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि तहसील के जिन चार अधिकारियों कर्मियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है उनमें एक नायाब तहसीलदार भी है। एसडीएम तथा तहसील कार्यालय के कर्मचारियों अधिकारियों की कोरोना जांच 01 अप्रैल को एंटीजन तथा आरटीपीसीआर दोनों विधि से की गई थी।

रिपोर्ट आई पॉजिटिव, फिर भी खोली दुकान, कर दी गई सील

गरियाबंद। नगर के तिरंगा चौक स्थित एक मिष्ठान भंडार के संचालक की रिपोर्ट धनात्मक पायी गई थी। जिसके बाद उनके परिजनों की भी कोरोना जांच करवाई गई , जांच रिपोर्ट आने तक नायाब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी एवं नगर पालिका अधिकारी द्वारा उन्हें दुकान नहीं खोलने के मौखिक निर्देश कल 03 मार्च को दिये गये थे , उसके बावजूद आज राजस्थान मिष्ठान्न भंडार का संचालन किया जा रहा था।

मौखिक निर्देशो के बावजूद आज राजस्थान मिष्ठान भंडार संचालक के परिजनों द्वारा दुकान खोली गई , जिस पर नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी व नगर पालिका परिषद की सहायक राजस्व निरीक्षक द्वारा कार्यवाही करते हुये दुकान सील कर दी गई।

नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी के अनुसार मिष्ठान भंडार के संचालक किशन सिंह की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी , जिसके बाद दुकान संचालन नही करने के मौखिक निर्देश दिये गए थे। किंतु आज उनके परिजनों द्वारा दुकान खोलकर संचालन किया जा रहा था। जिस पर कार्यवाही करते हुये आगामी आदेश पर्यन्त दुकान सील कर दी गई है।

फिंगेश्वर ब्लॉक में निकले 41 पॉजिटिव

फिंगेश्वर/नवप्रदेश । रविवार 4 अप्रैल को फिंगेश्वर वि.खं. में 41 कोरोना सवंमित पाये गये बी.एम.ओ. डॉ. पी कुदेशिया ने बताया कि आज कुल 331 लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया जिसमें फिंगेश्वर,राजिम,लफंद्दी, गुण्डरदेही आदि गांव के 41 लोगो में कोरोना संक्रमण के लक्षण मिलने के बाद उनका इलाज प्रारंभ कर दिया गया हैं पिछले 3-4 दिनों में स्वास्थकर्मी जो दिनरात कोरोना मरीजों के इलाज में जूटे हैं उनमें भी 4-5 लोग संक्रमित पाये गए हैं उन्हें आशंका हैं कि कही संक्रमण के चलते अस्पताल की सेवा भी स्थगित न करनी पड़ जाये.शनिवार को फिंगेश्वर शहर से 2 पुरूष ,दो महिलाएं और एक 12 वर्षीय बच्ची के अलावा वार्ड क्रं. 3 से एक महिला और एक 12 वर्षीय बालक ,वार्ड क्रं. 4 से एक पुरूष , वार्ड क्रं. 7 से एक महिला , वार्ड क्रं. 5 से एक पुरूष ,जनपद और संजय नगर से एक-एक पुरूष के साथ साथ वि.खं. के ग्राम बासीन से एक महिला,परतेवा से दो पुरूष एक महिला,एक 8 वर्षीय बालिका,बेलटुकरी से एक महिला, कोमा,सेंदर सतधरा, पिपरछेड़ी, रकक्शा और दर्रीपार से एक-एक पुरूष,बोरसी से एक महिला लचकेरा से एक पुरूष एक महिला,राजिम के वार्ड 2से 2 महिला, वार्ड 6 से एक पुरूष, 8 से एक महिला, 11 से एक पुरूष एक महिला और मंदिर से एक पुरूष की कोरोना होने की पुष्टि हुई हैं।

नपं की पूर्व अध्यक्ष ने पति व ससुराल वालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

■ **विधायक शैलेश पांडे से गुहार कर ससुराल वालों की प्रताड़ना से बचाने और उनके कब्जे से बच्चे को छुड़ाकर देने का निवेदन किया**

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। एक समय रतनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जैसी कठिन जंग जीत चुकी आशारानी सूर्यवंशी इस समय पति समेत अपने ससुराल वालों की प्रताड़ना से बेहद त्रस्त हो चुकी हैं। उनका आरोप है कि उनके पति नारायण करवारे, सास गीता देवी करवारै, देवर सुखदेव करवारे, ससुर पुरुषोत्तम करवारे और ननंद सावित्री मिलकर उसके साथ मारपीट करते हैं और प्रताड़ित भी करते हैं। रतनपुर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी की गुहार सुनकर बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे ने पुलिस से बात की तथा इस मामले की जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आशा सूर्यवंशी ने अपने आवेदन में लिखा है कि वर्तमान में वह रतनपुर के महामायापारा में निवास करती है। 23 जून 2017 को उसकी शादी पथरिया में रहने वाले नारायण करवारे के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुई। उसका एक पुत्र है। शादी के सात माह बाद से शुरू हुए प्रताड़ना और मारपीट के सिलसिले ने आशा सुर्यवंशी के जीवन को नरक बना दिया। हाल ही में 18 मार्च 2021 को वह अपने मायके रतनपुर आई हुई थी। 1 दिन रुक कर 20 मार्च को उसका पति उसे अपने घर पथरिया ले गया। यहां आकर उसने और उसके माता-पिता तथा देवर ने उसके साथ मारपीट की और बच्चा छीन लिया। उस दिन की मारपीट..,और जानलेवा हो जाती। लेकिन आशा सूर्यवंशी ने 112 को फोन कर दिया। इसके बाद पुलिस आकर आशा सूर्यवंशी और उसके पति नारायण करवारे को अपने साथ ले गई। वहां भी आशा सूर्यवंशी का पति उससे पैसों की मांग करता रहा। बाद में पुलिस ने दोनों को समझा-बुझाकर उनके घर भेज दिया। घर जाने पर आशा सूर्यवंशी की ननंद ने यह कहकर उसकी पिटाई शुरू कर दी कि तू मेरे भाई को जेल भेजेगी...? इस प्रताड़ना और मारपीट से अपनी जान बचाने के लिए रतनपुर नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष आशा सूर्यवंशी किसी तरह अपने मायके रतनपुर आ गई। ससुराल वालों की प्रताड़ना से दुखी और उनकी मारपीट से भयभीत आशा सूर्यवंशी में आज बिलासपुर में शहर विधायक शैलेश पांडे से भेंट की और अपना दुखड़ा बताते हुए,, सास गीता देवी करवारे,पति नारायण करवारे और देवर सुखदेव करवारे तथा ससुर पुरुषोत्तम करवारे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष का दुखड़ा सुनने के बाद चार विधायक श्री शैलेश पांडे ने पुलिस के अधिकारियों से बात कर उनसे आग्रह किया कि इस मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें।

सड़क दुर्घटना में 8 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। नगर भटगांव मे इन दिनो सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर सड़क दुर्घटना में एक जमगहन निवासी राजू मनोत्रा की मासूम बच्ची की जान चली गई है। दरसल धाराशिव चुरेला मोड़ के पास एक सुजुकी कार ने एक मासूम 8 वर्षीय बच्ची को ठोकर मार कर बबूल पेड़ से टकरा गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर से बच्ची गंम्भीर रूप से घायल हो गई।वहीं कार चालक को भी चोंटे आई है। बताया जा रहा है कि कार में कार चालक सूर्यकांत शर्म व दो साथी सुधीर कुमार व रोहितसव सवार थे। और सभी अधिवक्ता है और तीनों बिलासपुर से विवाह कार्यक्रम में शामिल होने सारंगढ़ जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही भटगांव थाना की टीम मौके पे पहुँच घायल बच्ची को स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भेज दिया हालांकि घायल बच्ची रास्ते में ही दम तोड़ दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गिधौरी साईड से यह कार काफी तेज रफ्तार से आ रहा था और लापरवाही पूर्वक बच्ची को ठोकर मार दी। कार के सीट में बियर का बॉटल भी देखा गया है। जिससे कार चालक शराब का सेवन करने की बात कही जा रही है। इधर भटगांव पुलिस आरोपी चालक सूर्यकांत शर्मा 35 वर्ष को पकड़कर पूछताछ कर आगे की कार्यवाही में भटगांव पुलिस जुट गई है।